▪ ज्येष्ठ कृष्णा - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 304 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 03-06-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 भारत का कोच बनना पसंद करूंगा : गौतम गंभीर

6 एग्जिट पोल : मोदी का महाबली अवतार, विपक्ष धराशायी

7 आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप ट्रोलिंग से बच नहीं सकते : दीपिका सिंह

## फर्स्ट टेक

### एनएचएआई ने सभी राजमार्गों पर टोल शुल्क पांच प्रतिशत बढ़ाया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देश भर में टोल दरों में औसतन पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब राजमार्गों का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को सोमवार से अधिक भुगतान करना होगा। राजमार्ग उपयोगकर्ता शुल्क का वार्षिक संशोधन पहले एक अप्रैल से लागू होना था। लेकिन लोकसभा चुनावों के कारण वृद्धि स्थगित कर दी गई थी। वार्षिक संशोधन औसतन पांच प्रतिशत के दायरे में रहने की संभावना है। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा, नया उपयोगकर्ता शुल्क तीन जून, 2024 से लागू होगा। टोल शुल्क में यह परिवर्तन थोक मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में परिवर्तन से जुड़ी दरों को संशोधित करने की वार्षिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव/एपी।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के सरकारी स्वामित्व वाले बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनेर्गो ने कहा कि बिजली गुल होने से औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ता दोनों प्रभावित हुए हैं।

### हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

**सना/वार्ता/स्पुतनिक।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमान वाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं। साड़ी ने कहा, अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था।' इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा, आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे जिन्होंने इजरायली बंदरगाहों पर जाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का उल्लंघन किया था।

| | |
|---|---|
| 03-06-2024 सूर्यास्त 6:32 बजे | 04-06-2024 सूर्योदय 5:41 बजे |
| BSE 73,961.31 (+75.71) | NSE 22,530.70 (+42.05) |
| सोना 7,466 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 96,500 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**ध्यान से ध्रुव तक**

अन्तरीप से ध्यान लगाया,<br>
हिमगिरि पर।<br>
लगी कांपने दशों दिशाएं,<br>
थर-थर-थर।<br>
आहट सुन कर भागे कितने,<br>
डर-डर-डर।<br>
देख घटाएं मेंढक करते<br>
टर-टर-टर।।

# केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## 'देश बचाने के लिए जा रहा हूँ जेल'



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को कहा कि आबकारी नीति मामले में जांच एजेंसियों के पास उनके ख़िलाफ़ कोई सबूत नहीं है और वह देश को बचाने के लिए जेल में जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या-क्या होगा, मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, ''मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। 'आप' नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

## पूजा-अर्चना



नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज रविवार को चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना करती हुईं।

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव परिणाम

# शानदार जीत के बाद लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में लौटी भाजपा

**अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 46 सीट, कांग्रेस को केवल एक सीट एवं एनपीपी (5), राकांपा (3) तथा पीपीए (2) सीट पर जीत मिली।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की, पार्टी को 2019 की तुलना में चार अधिक सीटें मिली ।

विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस का सफाया कर दिया जिसके खाते में केवल एक सीट आई और यह एनपीपी (5), राकांपा (3) तथा पीपीए (2) के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गई। तीन सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में गईं।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि 'उगते सूरज की भूमि' अरुणाचल प्रदेश में जैसा हुआ है वैसा ही चार जून को देश के अन्य हिस्सों में होगा जब लोकसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती होगी।

खांडू ने पीटीआई की वीडियो सेवा से कहा, ''यह भाजपा और पूरे अरुणाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अरुणाचल प्रदेश के लोगों ने घोषणा की है कि वे चाहते हैं कि भाजपा अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहे। इस बार का जनादेश 2019 में हमें मिले जनादेश से कहीं अधिक है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीट जीती थीं, जबकि हमने इस बार 46 सीट जीती हैं।''

# सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत

**■ एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत दर्ज की**

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी।

वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था।

हालांकि, एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। एसकेएम को 58.38 प्रतिशत वोट मिले। एसकेएम ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 17 सीट जीती थीं। सिक्किम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और तमांग को बधाई दी। तमांग ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''हम सिक्किम के विकास और समृद्धि की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने राज्य की बेहतरी और अपने साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।'' उन्होंने कहा, ''आपका अटूट समर्थन हमारे लिए एक प्रेरक शक्ति रहा है और हम आपके निरंतर मार्गदर्शन और आशीर्वाद की आशा करते हैं।''

# गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति, मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है।

'ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स' के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।

अडाणी समूह ने अगले दशक के दौरान विस्तार की योजना के तहत 90 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके बाद अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी जेफरीज ने समूह के बारे में बेहतर राय पेश की है। इन घटनाक्रमों के बाद शुक्रवार को समूह की सभी कंपनियों के शेयर 14 प्रतिशत तक चढ़ गए।

इससे अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 84,064 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शुक्रवार को कारोबार बंद होने के समय अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 17.51 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

'इंडि' गठबंधन का निर्वाचन आयोग से अनुरोध

# डाक मतों की पहले गिनती की जाए, दिशानिर्देशों का पालन हो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी 'इंडि' गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किये जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, 'इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया।

सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किये जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किये जाएं।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''इस (चुनावी) प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा करने वाला यह तीसरा बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल है... हमने दो-तीन बड़े मुद्दों पर आयोग के साथ चर्चा की। इनमें, सर्वाधिक महत्वपूर्ण है - डाक मत पत्रों की गिनती और उनके परिणाम पहले घोषित करना।



# असम में बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं।


## पश्चिम बंगाल में दो मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश

**कोलकाता/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के बारासात और मथुरापुर लोकसभा क्षेत्रों के एक-एक बूथ पर पुनर्मतदान का रविवार को आदेश दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि सोमवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक पुनर्मतदान कराये जाने का निर्णय चुनाव अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और संबंधित पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया। उन्होंने बताया कि बारासात निर्वाचन क्षेत्र का बूथ देगंगा विधानसभा क्षेत्र के कदमबागछी सरदार पारा एफपी स्कूल में स्थित है, जबकि मथुरापुर का बूथ काकद्वीप विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर डायमंड हार्बर लोकसभा सीट के कई मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराये जाने की मांग की है। इन सभी सीट पर एक जून को अंतिम चरण में मतदान हुआ था।

# नियंत्रण रेखा के पार 'लॉन्च पैड' सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकवादी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**■ मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।**



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार स्थित 'लॉन्च पैड' पर 'सक्रिय' लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। इसके साथ ही स्वैन ने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है।

सीमावर्ती इलाकों में मौजूदा सुरक्षा हालात के समग्र आकलन से अवगत कराने के साथ ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियों का जिक्र करते हुए स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने 'पीटीआई-भाषा' को दिये एक साक्षात्कार में कहा, ''हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आम तौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।'' उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया।

इन प्रयासों का मुकाबला करने में कुछ सफलता मिलने की बात को स्वीकार करते हुए स्वैन ने कहा कि खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 'क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता' को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।'' स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवत: पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं।

सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे।''

ड्रोन गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी और मादक पदार्थों की तस्करी को सुगम बनाती हैं। उन्होंने कहा कि इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

# भीषण गर्मी के बीच मई महीने में एयरकंडीशनर की बिक्री दोगुनी हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा विनिर्माताओं को बढ़ती मांग की वजह से एसी लगाने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी समेत कई जगह पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रदीप बख्शी ने कहा कि कंपनी की मई में घरेलू एसी की बिक्री दोगुनी हो गई है। उम्मीद है कि अप्रैल-जून तिमाही की शेष अवधि में भी सकारात्मक गति जारी रहेगी। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मई की बात करें तो वोल्टास की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 100 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है। यह मील का पत्थर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि मई ऐतिहासिक रूप से एसी और ठंडक प्रदान करने वाले उत्पादों के उद्योग में सबसे अधिक योगदान देने वाले महीनों में से एक है। टाटा समूह की कंपनी को इस कैलेंडर वर्ष के पहले छह महीनों के भीतर 20 लाख इकाई एसी बिक्री का आंकड़ा हासिल करने की उम्मीद है। इसी प्रकार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने कहा कि वह घरेलू एसी कारोबार में 'तेजी से वृद्धि' देख रही है और 'मांग में कई गुना वृद्धि के साथ यह पिछले पांच साल के रिकॉर्ड को पार कर गई है।'

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि इस वर्ष मार्च में घरेलू एसी उद्योग में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। संभावना थी कि मई में आम चुनावों के कारण बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

त्यागराजन के अनुसार, यह उद्योग के लिए एक 'स्वर्णिम काल' है, जिसमें 2024 में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

डाइकिन इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने कहा, बाजार में चुनौती यह है कि आप कितनी इकाइयों का उत्पादन और आपूर्ति कर सकते हैं। यह पूर्ण चुनौती है।



# लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर कोई चिंता नहीं, अच्छे नतीजों की उम्मीद है : राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) को ज्यादा महत्व नहीं देते हुए रविवार को कहा कि नतीजे जो भी हो, पार्टी लोगों के लिए काम करती रहेगी। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के ''खराब प्रदर्शन'' का अनुमान जताया गया है।

तेलंगाना राज्य के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राव (जिन्हें केसीआर के नाम से भी जाना जाता है) ने कहा कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में बीआरएस की हार एक अस्थायी झटका है।

राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए राव ने दावा किया कि वर्तमान सरकार के प्रति लोगों में इतना गुस्सा है कि असंतोष जल्द ही ''बम की तरह फट जाएगा''। उन्होंने कहा, ''संसदीय चुनाव में क्या होगा? इसका (नतीजा) कुछ भी हो सकता है। किसी ने कहा था कि हमें (बीआरएस) 11 सीट मिलेंगी। किसी ने कहा कि हमें एक ही सीट मिलेगी। किसी ने कहा कि हमें दो से चार सीट मिलेंगी। यह तो जुआ हो गया। देखते हैं कि क्या होता है। मेरी बस यात्रा (चुनाव प्रचार) के दौरान जनता में अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।'' राव ने कहा, ''परिणाम जो भी हो, बीआरएस तेलंगाना के लिए सुरक्षा कवच है।'' विधानसभा चुनाव में बीआरएस को मिली हार एक अस्थायी झटका है, जो किसी भी राजनीतिक दल को अपनी यात्रा के दौरान लग सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीआरएस अगले विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता में आएगी। राव ने दावा किया कि सत्ता में आने के छह महीने बाद भी कांग्रेस सरकार ने उद्योग, आईटी और कृषि जैसे क्षेत्रों के लिए एक भी नीति की घोषणा नहीं की है।



## पंजाब में दो मालगाड़ियों की टक्कर होने से दो 'लोको पायलट' घायल

**फतेहगढ़ साहिब/भाषा।** पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकरा जाने से दो 'लोको पायलट' (ट्रेन चालक) घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि टक्कर के कारण उनमें से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया। उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई और इस घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब में राजकीय अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि विकास कुमार के सिर और हिमांशु कुमार की पीठ पर चोट लगी है और उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल भेज दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल सेवाएं बहाल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है।

## एग्जिट पोल नहीं चार जून को आने वाले नतीजे पर भरोसा है : भूपेंद्र हुड्डा

**जींद (हरियाणा)/भाषा।** एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के संकेत के बीच हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने रविवार को कहा कि जनता के नतीजे चार जून को आएंगे और उनका सम्मान किया जाएगा।

जींद जिले के अलेवा गांव में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता हुड्डा ने कहा उन्हें एग्जिट पोल के नजीतों को बजाए जनता के फैसले पर भरोसा है।

उन्होंने कहा, जनता के नतीजे चार जून को आएंगे। हम उन नतीजों का सम्मान करेंगे। हरियाणा हो या देश हो चार तारीख का इंतजार कीजिए।

एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया है कि भाजपा को देशभर में 350 से अधिक सीटें मिलेंगी

जन नायक जनता पार्टी (जजपा) नेता दुष्यंत चौटाला द्वारा दीपेंद्र हुड्डा को जितवाने के लिए कांग्रेस के दूसरे नेताओं के टिकट कटवाने के बयान पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा, वह अपनी पार्टी को पहले देख लें। अपने स्वार्थ के लिए दुष्यंत चौटाला ने खुद के परिवार को ही बांट दिया। उन्होंने हरियाणा की भाजपा सरकार पर कानून एवं व्यवस्था समेत सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप भी लगाया।

# विरासत की समस्याएं पीछे छूट गईं, पीएनबी सही रास्ते पर : प्रबंध निदेशक



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) अतुल कुमार गोयल ने कहा है कि विरासत की समस्याओं को पीछे छोड़ते हुए बैंक प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने और चालू वित्त वर्ष तथा आगामी वर्षों के दौरान लाभप्रदता के मामले में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए सही रास्ते पर है।

बीते वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पीएनबी 229 प्रतिशत की उच्चतम लाभ वृद्धि दर्ज करके सूची में शीर्ष पर रहा। बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2022-23 के 2,507 करोड़ रुपये की तुलना में तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 8,245 करोड़ रुपये हो गया।

तीन साल पहले पीएनबी की स्थिति को याद करते हुए गोयल ने कहा कि यह कई मामलों में पिछड़ा हुआ था, जिसकी सकल और शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) संख्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में सबसे अधिक थी तथा प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) भी कम था। उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, आज आप देख रहे हैं कि मेरा शुद्ध एनपीए घटकर 0.7% रह गया है और पीसीआर भी 95 प्रतिशत से अधिक है। मैं अपने साथियों से बेहतर हूं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगा तथा शुद्ध ब्याज मार्जिन लगभग तीन प्रतिशत रहेगा। गोयल ने कहा, हम सही रास्ते पर हैं क्योंकि हमने अंडरराइटिंग, संग्रह, डिजिटल और मानव संसाधन परिवर्तन में सुधार जैसी कई पहल की हैं। पिछले दो सालों में हमने जो भी प्रयास किए हैं, उनके नतीजे इस साल और आने वाले सालों में दिखेंगे। निश्चित रूप से, आने वाले सालों में हमारी लाभप्रदता हमारे प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर होगी।



## कारोबार के विभाजन से वैश्विक स्तर पर अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी: टाटा मोटर्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि मौजूदा ऑटोमोटिव कारोबार को दो सूचीबद्ध संस्थाओं में विभाजित करने से वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र को अधिक चुस्त बनने और वैश्विक स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

इस साल मार्च में, टाटा मोटर्स ने वृद्धि अवसरों का बेहतर लाभ उठाने के लिए अपने वाणिज्यिक और यात्री वाहन खंडों को दो अलग-अलग सूचीबद्ध संस्थाओं में विभाजित करने की घोषणा की थी।

इस पहल के तहत वाणिज्यिक वाहन (सीवी) कारोबार और इससे संबंधित निवेश एक इकाई में रखे जाएंगे। दूसरी ओर यात्री वाहन (पीवी) कारोबार अलग सूचीबद्ध इकाई के तहत आएंगे, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) और इससे संबंधित निवेश शामिल हैं।

टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन व्यवसाय के प्रमुख वाघ ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट - 2023-24 में शेयरधारकों को दिए संदेश में कहा, ''प्रस्तावित विभाजन से हमें अपना ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वैश्विक स्तर पर सीवी बाजार में अवसरों का लाभ उठाने के लिए हम बेहतर ढंग से तैयार होंगे।''

कंपनी के अनुसार विभाजन से पीवी, ईवी और जेएलआर में तालमेल बनाने में मदद मिलेगी।

## केजरीवाल ने तिहाड़ रवाना होने से पहले बच्चों को गले लगाया, माता-पिता के पैर छुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से निकलने से पहले रविवार को अपने बच्चों को गले लगाया और माता-पिता के पैर छुए।

केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई। आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आवास से निकलने से पहले केजरीवाल ने माता-पिता को अलविदा कहा जबकि उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पुत्र पुलकित और पुत्री हर्षिता उनके साथ ही निकले। परिवार के अंतिम क्षणों की तस्वीरें साझा करते हुए आप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''भारत माता के वीर सपूत अरविंद केजरीवाल जी ने लोकतंत्र बचाने के लिए जेल जाने से पहले अपने माता-पिता से आशीर्वाद लिया और अपने बच्चों को गले लगाया। केजरीवाल तानाशाही के आगे नहीं झुकेंगे।''

## आगामी बजट में डीप प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति का प्रस्ताव संभव

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय आगामी आम बजट में नवाचार को बढ़ावा देने को डीप प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए एक समर्पित नीति का प्रस्ताव कर सकता है। एक अधिकारी ने यह बात कही। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया है और मतगणना चार जून को होनी है। नई सरकार के इसी महीने शपथ लेने की संभावना है। इसके बाद नई सरकार जुलाई में 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश कर सकती है। अधिकारी ने कहा कि स्टार्टअप को अपने नवाचार को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना होगा और इसके लिए व्यापक अनुसंधान और विकास की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नीति अंतिम चरण में है और मंत्रालय इस प्रस्ताव को पूर्ण बजट में घोषित करने के लिए आगे बढ़ा सकता है। हितधारकों की टिप्पणियों के लिए एक मसौदा राष्ट्रीय डीप प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति (एनडीटीएसपी) पिछले साल जुलाई में जारी की गई थी।



## तेलंगाना को 10 वर्षों में सौ वर्षों का विनाश झेलना पड़ाः रेवंत रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को दावा किया कि राज्य को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 10 साल के शासन के दौरान ''100 साल का विनाश'' झेलना पड़ा। रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुद्धार के लिए काम कर रही है और उन्होंने राज्य को दुनिया के लिए एक गंतव्य बनाने की इच्छा व्यक्त की।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आयोजित 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान तेलंगाना के लिए राज्य के दर्जे की दशकों पुरानी मांग पूरा करने के लिए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने सोनिया गांधी को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के अपनी सरकार के फैसले का भी बचाव किया, हालांकि वह इसमें शामिल नहीं हुईं। कार्यक्रम में सोनिया गांधी का एक वीडियो संदेश चलाया गया। उन्होंने 2014 में संसद में तेलंगाना राज्य के गठन के लिए विधेयक पारित करने में सोनिया गांधी, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज द्वारा निभायी गई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। उन्होंने सवाल किया, ''हमने तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वालीं सोनिया गांधी को राज्य स्थापना दिवस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। किसी ने पूछा कि उन्हें किस हैसियत से आमंत्रित किया गया है। क्या मां को बच्चे के घर में आमंत्रित करने के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है? उन्होंने कहा कि जब तक तेलंगाना का इतिहास रहेगा, सोनिया गांधी को तेलंगाना समाज द्वारा मां के रूप में मान्यता और सम्मान दिया जाएगा।

तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह में सोनिया गांधी को आमंत्रित करने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा ने कहा था कि सरकार को लोगों को बताना चाहिए कि सोनिया गांधी को किस हैसियत से आमंत्रित किया जा रहा है।

## शाह के जिलाधिकारियों को फोन करने के दावे का विवरण साझा करें कांग्रेस नेता रमेश : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ''निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने इनमें से 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है जो दिखाता है कि भाजपा कितनी हताश है...।'' निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए।

## अशोक लेलैंड की बिक्री मई में 12 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड की मई में थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 14,682 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने अपने वितरकों को 13,134 वाहनों की आपूर्ति की थी। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बाजार में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 13,852 इकाई रही थी, जो मई, 2023 में 12,378 इकाई थी। मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बाजार में बिक्री मई में 13 प्रतिशत बढ़कर 8,551 इकाई रही, जो मई, 2023 में 7,590 इकाई रही थी। हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री मई में 11 प्रतिशत बढ़कर 5,301 इकाई रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 4,788 इकाई रही थी।

## छत्तीसगढ़ में आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया

**सुकमा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की।

अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नर्कोम' ( नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर सड़कें काटने, माओवादी पर्चे और पोस्टर लगाने एवं सुरक्षाकर्मियों की जानकारी प्राप्त करने और माओवादियों के लिए अवैध उगाही करने का काम सौंपा गया था।

आत्मसमर्पण करने वालों में से महिला नक्सली वेट्टी मासे (42) पर दो लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि तीन अन्य नक्सलियों सागर उर्फ देवा मडकम (31), पोडियाम नांदे (30) और सोढ़ी तुलसी (32) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था।

## हैदराबाद अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा राजधानी नहीं रहा

**हैदराबाद/भाषा।** देश के सबसे व्यस्त महानगरों में शुमार हैदराबाद रविवार से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार, दो जून से हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी होगा। वर्ष 2014 में आंध्र प्रदेश के विभाजन के समय हैदराबाद को 10 वर्षों के लिए दोनों राज्यों की साझा राजधानी बनाया गया था। दो जून, 2014 को तेलंगाना अस्तित्व में आया था।

आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में कहा गया है, ''नियत तिथि (दो जून) से, मौजूदा आंध्र प्रदेश राज्य में हैदराबाद, 10 वर्षों की अवधि के लिए तेलंगाना राज्य और आंध्र प्रदेश राज्य की साझा राजधानी होगा।'' इसमें कहा गया है, ''उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद, हैदराबाद तेलंगाना राज्य की राजधानी होगा और आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक नई राजधानी होगी।'' फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पारित होने के बाद दो जून 2014 को तेलंगाना राज्य का गठन हुआ। तेलंगाना राज्य के गठन की मांग दशकों से की जा रही थी।

# ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने के लिए एआई का लाभ उठा रही हैं एयरलाइन कंपनियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं। एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट 'एआई.जी' 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है।

इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट '6एस्काई' है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है। यह बॉट 'स्पीच-टू-टेक्स्ट' मॉडल का उपयोग करके लिखित, टाइप की गई भाषा और मौखिक निर्देशों को समझ सकता है। अकासा एयर ने कहा कि वह सभी व्यावसायिक कार्यों में सिद्ध प्रौद्योगिकी समाधानों में भारी निवेश करना जारी रखेगी। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक भारत में एयरलाइंस भी अपने बेड़े का विस्तार कर रही हैं। इसके साथ ही विमानन सहित सभी उद्योगों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हो रही है। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल और प्रौद्योगिकी अधिकारी सत्य रामास्वामी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एआई का इस्तेमाल एयरलाइन के प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है और एआई बेहतर ढंग से ग्राहक सेवा अनुरोधों का जवाब दे रहा है। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि उसके एआई चैटबॉट '6एस्काई' की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई सुधार किए जा रहे हैं। इसके लिए गूगल के जेमिनी का उपयोग भी किया जा रहा है।



# केरल में भारी बारिश, मौसम विभाग ने एर्णाकुलम में 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। 'ऑरेंज' अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। 'येलो' अलर्ट का मतलब है छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश होना। मौसम की चेतावनी के मद्देनजर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के संभावित खतरों के प्रति आगाह किया है और उनसे आग्रह किया है कि यदि आवश्यक हो तो वे सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। इसमें कहा गया है कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को, जहां अक्सर जलभराव होता है, बारिश की स्थिति का आकलन करने के बाद राहत शिविरों में चले जाना चाहिए।

प्राधिकरण ने बताया तेज हवाओं की संभावना के कारण, जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए। उसने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में रात में यात्रा करने से पूरी तरह बचना चाहिए।

## हैदराबाद अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा राजधानी नहीं रहा

**हैदराबाद।** देश के सबसे व्यस्त महानगरों में शुमार हैदराबाद रविवार से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की साझा राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार, दो जून से हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी होगा।

2014 में आंध्र प्रदेश के विभाजन के समय हैदराबाद को 10 वर्षों के लिए दोनों राज्यों की साझा राजधानी बनाया गया था। दो जून, 2014 को तेलंगाना अस्तित्व में आया था। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में कहा है, नियत तिथि (दो जून) से, मौजूदा आंध्र प्रदेश राज्य में हैदराबाद, 10 वर्षों की अवधि के लिए तेलंगाना राज्य और आंध्रप्रदेश राज्य की साझा राजधानी होगा। इसमें कहा गया है, उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद, हैदराबाद तेलंगाना राज्य की राजधानी होगा और आंध्र प्रदेश राज्य के लिए नई राजधानी होगी। फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पारित होने के बाद दो जून 2014 को तेलंगाना राज्य का गठन हुआ। तेलंगाना राज्य के गठन की मांग दशकों से की जा रही थी। तेलंगाना मुख्यमंत्री ने पिछले महीने अधिकारियों से कहा था कि वे दो जून के बाद हैदराबाद में सरकारी गेस्ट हाउस लेक व्यू जैसी इमारतों को अपने कब्जे में ले लें, जिन्हें 10 साल की अवधि के लिए आंध्र प्रदेश को दिया गया था।

# पशु बलि संबंधी टिप्पणी पर विवाद से श्रद्धालु हो रहे चिंतित : केरल मंदिर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कन्नूर।** केरल के एक मंदिर के तंत्री ने रविवार को कहा कि कथित पशु बलि को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार की टिप्पणी से विवाद पैदा हो रहा है और इससे श्रद्धालुओं के मन में चिंता उत्पन्न हो रही है। यहां कथित तौर पर हुई पशु बलि को लेकर संबंधित तंत्री के नाम का उल्लेख हाल में शिवकुमार ने किया था। कन्नूर जिले के तालिपरंबा में स्थित राजराजेश्वरी मंदिर के तंत्री या मुख्य पुजारी ई पी कुबेरन नंबूदिरीपाद ने कहा कि 'अनावश्यक विवाद' के कारण बहुत से श्रद्धालु पूछ रहे हैं कि क्या मंदिर में ऐसा कुछ हुआ है जिसका जिक्र शिवकुमार ने किया है।

उन्होंने कहा, इससे श्रद्धालुओं के मन में चिंता पैदा हो रही है। अगर यह चर्चा जारी रही तो इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है जिससे मंदिर के नाम और प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है। डीके शिवकुमार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि पशुओं की बलि देने वाला 'शत्रु भैरवी यज्ञ' नामक अनुष्ठान केरल के राजराजेश्वर मंदिर में नहीं, बल्कि पास के एक निजी स्थान पर किया गया। उन्होंने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, मैं आपको बता रहा हूं, मंदिर के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है, मैंने यह नहीं कहा कि मंदिर में कोई अनुष्ठान हुआ था। मंदिर में कुछ भी नहीं हुआ है, मैं जानता हूं। यह मंदिर के पास ही एक निजी स्थान है, जहां कुछ हुआ है। मुझे यही जानकारी मिली है। सटीक स्थान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैं खुलासा नहीं करना चाहता। उस (अनुष्ठान) में शामिल एक पुजारी ने मुझे कुछ जानकारी दी है। मैं राजराजेश्वर मंदिर गया हूं, मुझे पता है कि पहले मंदिर में कुछ प्रथाएं थीं, लेकिन अब वे मंदिर में नहीं हो रही हैं। लेकिन उनमें से कुछ लोग इसे (बाहर) करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें (सरकार को) जांच करने दें। मुझे बहुत सी चीजें पता हैं, लेकिन मैं चीजों का खुलासा नहीं करना चाहता।

उनका स्पष्टीकरण तब आया जब केरल सरकार ने कहा कि राज्य के उत्तरी हिस्से में किसी मंदिर के पास कोई पशु बलि नहीं दी गई, जैसा कि शिवकुमार ने दावा किया था। केरल सरकार ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या राज्य में कहीं और ऐसी कोई घटना हुई है जिसके बारे में शिवकुमार ने कहा है। इसने कहा कि हालांकि शुरुआती खबरों के मुताबिक ऐसी कोई घटना दक्षिणी राज्य में नहीं हुई है। मंदिर की प्रबंध समिति ने शुक्रवार को शिवकुमार के आरोपों का खंडन किया था और उनके दावों को 100 फीसदी झूठा बताया था। विशेष शाखा ने उसी दिन राज्य पुलिस प्रमुख को एक रिपोर्ट भी दी जिसमें कहा गया है कि केरल में किसी मंदिर के पास किसी पशु की बलि देने का कोई सबूत नहीं है, जैसा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने दावा किया है।

शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि उन्हें, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और राज्य की कांग्रेस सरकार को निशाना बनाकर केरल के राजराजेश्वरी मंदिर के पास 'शत्रु भैरवी यज्ञ' किया गया। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया था कि राज्य में कुछ राजनीतिक लोग इसे करवा रहे हैं और इसके लिए अघोरियों से सलाह ली जा रही है।



# प्रज्ञाननंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**स्टावेंजर/चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं।

कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञाननंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं। कारूआना पांच अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि डिंग लिरेन की खराब फॉर्म जारी है। उनके केवल 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखा और आर्मगेडन गेम में चीन की टिंगकी लेई को हराकर अपने अंको की संख्या 10 पर पहुंचा दी है। वैशाली के बाद अन्ना मुजीचुक का नंबर आता है जिनके नौ अंक हैं। उन्होंने पांचवें दौर में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग को हराया। महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने आर्मगेडन में भारत की कोनेरू हंपी को पराजित किया। वह 7.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। लेई छह अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। वह हंपी से दो अंक आगे हैं। क्रैमलिंग के तीन अंक हैं और वह तालिका में निचले स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा और कारूआना के बीच शुरू में मोहरों की अदला बदली देखी गई। प्रज्ञाननंदा ने अमेरिकी खिलाड़ी को उलझाए रखा। कारूआना ने 66वीं चाल में गलती की जिसका प्रज्ञाननंदा ने पूरा फायदा उठाया और इसके 11 चाल बाद जीत दर्ज की।

# केरल में एलडीएफ ने एग्जिट पोल के अनुमानों को संदिग्ध, राजनीति से प्रेरित बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ वाम दल ने एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) को रविवार को संदिग्ध और राजनीति से प्रेरित बताया।

एग्जिट पोल के अनुमानों में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) केरल में अपना खाता खोलेगा और कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (मापा) नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के वर्चस्व वाले राज्य में अपनी चुनावी जीत का सूखा खत्म करेगा।

एलडीएफ के संयोजक और माकपा के वरिष्ठ नेता ई पी जयराजन ने कहा कि एग्जिट पोल के अनुमान कुछ वैज्ञानिक निष्कर्ष या प्रयोगों के जरिए नहीं निकाले गए, यह जन भावनाओं पर आधारित नहीं हैं और यह चुनावों का उचित विश्लेषण करने के बाद का अवलोकन नहीं है।



उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, मुझे संदेह है कि यह राजनीति से प्रेरित है। सभी एग्जिट पोल में ऐसा दिखाया गया है, जिसे भाजपा अब तक जो कहती रही है (चुनाव नतीजों के बारे में), उसे ही दोहराया गया है। इससे यह और ज्यादा संदिग्ध बन जाता है। जयराजन ने कहा कि इसलिए चार जून को मतगणना के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरती जानी चाहिए।

एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया है कि भाजपा को देशभर में 350 से अधिक सीटें मिलेंगी और वह केरल में अपना खाता खोलेगी।

इन अनुमानों को खारिज करते हुए जयराजन ने सवाल किया कि किस आधार पर एग्जिट पोल यह अनुमान दे रहे हैं कि भाजपा इस दक्षिणी राज्य में अपना खाता खोलेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह राजनीतिक रचना है। भाजपा की केरल में अपना खाता खोलने की गुंजाइश नहीं है। असल बात यह है कि भाजपा को केरल में एक सीट भी नहीं मिलेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 'इंडिया' गठबंधन के 295 सीटें जीतने का अनुमान सही है, इस पर जयराजन ने कहा, यह संभव है। उन्होंने कहा, दो दिन में तस्वीर साफ हो जाएगी।

# अजीश अली बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मंगलूरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग के नये चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों ( पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज़ और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16 ) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले



अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाज़ी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज़ और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलूरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई। स्थानीय पसंदीदा प्रदीप पुजार ने 8.80 के स्कोर के साथ नेतृत्व किया और प्रह्लाद श्रीराम (8.50), हरीश पी (8.26) और तैयिन अरुण (6.76) के साथ फाइनल में पहुंचे।


सवारी डिब्बा कारखाना
चैन्नई - 38

निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण/2024-25 दिनांक. 03.06.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/अनु/शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई - निविदा आमंत्रित करते हैं-

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि रुपए में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2024245211449 | ईएल-डब्ल्यू-880 स डि का कॉलोनी के क्वार्टरों के पीछे तरफ के भवन में एलईडी बल्कहेड फिटिंग की व्यवस्था | 33.25 | 66,500/- | 03.07.2024 at 15.30 hrs. |

आवेदन जमा करने की वेबसाइटः www.ireps.gov.in



सवारी डिब्बा कारखाना
चैन्नई - 38

निविदा सूचना

निम्नलिखित ई-निविदा IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें और निविदा के लिए कोट करें । निविदा के लिए मैन्युअल कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| निविदा संख्या | खुला निविदा फाइल संदर्भ संख्या | कार्य का नाम | मात्रा (कोच सेट) | निविदा बंद होने तथा खुलने की तारीख एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 2024471211432-OT-06-MOVT | MS/C/OT/06. Movt. of PF / Shell / 2024-25 | प्रेषण के पहले "शेल में लोडिंग और शेल की सफाई के लिए भंडार से पार्टीशन का मूवमेंट हेतु" कार्य अनुबंध | 2165 कोच सेट | 24.06.2024 को 15.00 बजे |


# केरल में पालतू बिल्ली के लापता होने पर पोते ने दादा पर हमला किया

**त्रिशूर।** त्रिशूर के इडक्कुलम में एक पालतू बिल्ली के लापता होने को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने 79 वर्षीय दादा पर कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले में बुजुर्ग व्यक्ति के सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं हैं और अब उनका सरकारी मेडिकल कॉलेज में उपचार हो रहा है। पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार रात की है और केशवन की हालत फिलहाल स्थिर है। दादा के बयान के अनुसार, उनके और उनके पोते श्रीकुमार के बीच उनकी पालतू बिल्ली के लापता होने को लेकर बहस हुई थी। गुस्से में आकर श्रीकुमार ने अपने दादा पर कथित तौर पर एक हथियार से हमला कर दिया। आरोपी ने खुद घायल दादा को अस्पताल पहुंचाया, जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि उसने शराब के नशे में अपने दादा पर हमला किया।

# तमिलनाडु के अभिनेता के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने



बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकतीं और बाद में उन्हें वापस जाने की के लिए कहा गया।

# महिला के अपहरण का मामला : भवानी रेवन्ना की तलाश कर रही है एसआईटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक महिला के अपहरण के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में पिछले 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। वह हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है।

इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश की जा रही है जो 'फरार' हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

परमेश्वर ने यहां पत्रकारों से कहा, वे (विशेष जांच दल) उन्हें (भवानी) गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश कर रहे हैं। यह मालूम नहीं है कि वह कहां हैं। उनका पता चलते ही उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह कानूनी प्रक्रिया है और कुछ नहीं।

एसआईटी ने भवानी को एक



नोटिस जारी कर एक जून को अपने घर में मौजूद रहने को कहा था क्योंकि उनसे उनके बेटे के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े मामले में पूछताछ करने की आवश्यकता है। जब एसआईटी टीम भवानी के आवास 'चेन्नम्बिका निलय' पहुंची तो वह वहां मौजूद नहीं थीं। दो महिला वकील शनिवार शाम को 'चेन्नम्बिका निलय' पहुंचीं और एसआईटी अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात के पीछे का उद्देश्य नहीं बताया। ऐसा माना जा रहा है कि भवानी ने अपनी वकीलों के जरिए यह कहा है कि वह स्वस्थ नहीं हैं और जल्द ही उनके समक्ष पेश होंगी। भवानी के पति और होलेनरसीपुरा से जद (एस) विधायक एच डी रेवन्ना इस मामले में जमानत पर हैं। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने मैसुरु, हासन, बेंगलूरु, मांड्या और रामनगर समेत विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी का पता लगाने के लिए उनके रिश्तेदारों के घरों में भी तलाशी ली गयी लेकिन वह वहां नहीं मिलीं।

सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने भवानी की तलाश में विभिन्न दल गठित किए हैं। जद (एस) प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा का परिवार 21 अप्रैल को कई आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद से विवादों में हैं।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर हासन लोकसभा सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे प्रज्वल इन वीडियो के सामने आने के बाद जर्मनी भाग गए थे। राज्य सरकार ने कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी की सिफारिश पर प्रज्वल के खिलाफ मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्वल शुक्रवार को जर्मनी से लौटे और एसआईटी ने उन्हें बेंगलूरु हवाई अड्डे पर तुरंत गिरफ्तार कर लिया। शहर की एक विशेष अदालत ने उन्हें छह जून तक पुलिस हिरासत में भेजा है।

## तमिलनाडु में संदिग्ध भोजन विषाक्ता से इंजीनियरिंग कॉलेज के 42 छात्र बीमार

**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के 42 छात्र छात्रावास में परोसे गए भोजन को खाने के बाद रविवार सुबह बीमार पड़ गए। पुलिस के अनुसार, छात्रों ने छात्रावास में रात में भोजन किया था और उसके बाद उन्होंने बेचैनी और उल्टी की शिकायत की। इसके बाद उन्हें इरोड जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी छात्रों की हालत स्थिर बताई गई है।

## बीआरएस ने महबूबनगर एमएलसी उपचुनाव जीता

**महबूबनगर।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार नवीन कुमार रेड्डी ने महबूबनगर स्थानीय निकायों के लिए एमएलसी उपचुनाव 109 वोटों के बहुमत से जीत लिया है। यह उपचुनाव पिछले नवंबर के विस चुनाव में महबूबनगर जिले के एमएलसी काशीरेड्डी नारायण रेड्डी के कांग्रेस विधायक के रूप में चुने जाने के बाद हुआ। श्री रेड्डी ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया।


सवारी डिब्बा कारखाना
चैन्नई - 38

निम्नलिखित ई-निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें और इन निविदाओं के लिए बोली लगाएं। इस निविदा के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

| खुली निविदा सं. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | लगभग मूल्य रुपये में | निविदा की तारीख, समय |
|---|---|---|---|
| 2024377211450 | ए) आईसीएफ के जीएलआर को निजी स्रोतों से पीने योग्य बोर पानी की आपूर्ति (बी) निजी स्रोतों से पीने योग्य बोर पानी की आपूर्ति और आईसीएफ कॉलोनियों में घर-घर पानी की आपूर्ति । (सी) आईसीएफ जीएलआर के भीतर पानी का परिवहन। (डी) केपीएस/सीएमडब्ल्यूएसएसबी से आईसीएफ जीएलआर तक पानी का परिवहन-भाग I - निजी स्रोतों से आईसीएफ पेरम्बूर अधिकारी क्वार्टर, शेल फैक्ट्री और सेवा भवनों तक पीने योग्य पीने के पानी की खरीद और आपूर्ति । | रु. 48.77 लाखों | 25.06.2024 @10.30 बजे |

# राजस्थान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा, जोश और जुनून के साथ कार्य करते हुए देशभर में छोड़ी अमिट छाप : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर, लोकसभा चुनाव प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल मंच पर उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय तथा प्रशंसनीय है। पहले प्रदेश में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में अच्छा मतदान करवाया और फिर देशभर में विभिन्न दूर दराज के गांव, ढ़ाणी में जाकर चुनाव की कमान संभाली। ऐसे में लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं को भाषा, खानपान और निवास तक की परेशानी का सामना करना पड़ा लेकिन इन सबके बावजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम के साथ प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किया। इसकी बदौलत आज जिस भी प्रांत, जिला या मंडल स्तर पर भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचे वहां से एक ही आवाज आई ''अबकी बार 400 पार''। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि पार्टी इस बार 4 जून को अपने ध्येय वाक्य को पूरा करेगी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी ने सामूहिक प्रयास किए है। लोकसभा प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव, स्मृतियां और नवाचार सभी के लिए कारगर साबित होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान देशभर में राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा, जोश और जुनून के साथ कार्य करते हुए अपनी छाप छोड़ी है। राजस्थान से देशभर में प्रचार के लिए जाने वाले कार्यकर्ताओं का योगदान प्रशंसनीय है फिर चाहे पंजाब, हरिणाणा, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद ही क्यों ना हो। राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार तो किया ही, साथ में स्थानीय प्रवासियों से भाईचारे का संबंध भी बनाया है। राजस्थान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ काम किया है ये ही हमारी पूंजी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि घर से निकलने पर पार्टी का काम तो होता है साथ में व्यक्ति का नाम भी होता है।

भाजपा प्रदेश की संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। आज प्रवासी कार्यकर्ता बैठक में सभी ने अपने अनुभव साझा किए है। हर कार्य, हर बार हमें कुछ नया सिखाता हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहतन का ही परिणाम है कि दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत, पूर्वोत्तर में भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। देशभर में राजस्थानी हर क्षेत्र, हर जिले में बसा हुआ है और इस बार भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने हर राजस्थानी मतदाता से संपर्क कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ जुड़ना चाहता है। प्रवासी कार्यकर्ताओं ने सूदूर प्रांतों में जाकर अपने प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब, दलित, वंचित और महिलाओं की जनकल्याणकारी नीतियों के बदौलत देशभर में भाजपा के प्रति और भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मविश्वास एंव आत्मसम्मान बढ़ा है। देशभर में आज भाजपा के अनुकूल स्थिति में प्रवासी कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार किया है।

पंजाब लोकसभा चुनावों के अनुभव साझा करते हुए शेखावत ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में हिन्दू-सिख सामांजस्य बना रहे इस का ध्यान रखते हुए बूथ स्तर पर काम किया। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के घर-घर जाकर भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका मनोबल बढ़ाया है। भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने पंजाब में सभी लोकसभा क्षेत्रों में बहुत जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। पंजाब में आम पार्टी के विकल्प के तौर पर मतदाताओं ने भाजपा को देखने शुरू कर दिया।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को हर बार कुछ नया सिखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता जहां-जहां गए वहां से अब यह सुनने को मिल रहा है कि प्रवासी राजस्थानी कार्यकर्ताओं ने चुनाव में माहौल बना दिया। राजस्थान के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ना दिन देखा और ना ही रात। सभी ने तन,मन और धन के साथ ग्राउंड लेवल पर जाकर कमान संभाली। ऐसे में प्रवासी कार्यकर्ताओं से अनुभव साझा करने के लिए आयोजित बैठक निश्चित तौर पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाली है।



# संविधान सर्वोच्च, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें : राज्यपाल मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजभवन में रविवार को तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया।

मिश्र ने तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से भी समृद्ध बताया। उन्होने कहा कि तेलंगाना शब्द का इस्तेमाल निज़ामों ने अपने राज्य के मराठी भाषी क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए किया था। तेलंगाना ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत समृद्ध प्रदेश है। हैदराबाद तेलंगाना का सबसे विशाल और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और यह दक्षिण-मध्य आंतरिक भारत का प्रमुख शहरी केंद्र है। उन्होंने युवा राज्य तेलंगाना में नवाचार और उद्यमिता के प्रयासों की सराहना की तथा इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन-सहन, खान-पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है। इसी से समरसता का निर्माण होता है।

उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें भारत के इतिहास और संस्कृति के साथ उदात्त जीवन मूल्यों का ओज समाया हुआ है। इस अवसर पर तेलंगाना के स्थानीय लोगों ने राजस्थान के अपनत्व भरे वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल तथा प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।




# राहुल ने प्रत्याशियों से किया ऑनलाइन संवाद, कहा- एग्जिट पोल कार्यकर्ताओं के मनोबल को गिराने का प्रयास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वीसी में लोकसभा प्रत्याशियों एवं कांग्रेसी नेताओं से संवाद कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि एग्जिट पोल भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोवैज्ञानिक तरीके से मनोबल गिराने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि गोदी मीडिया एग्जिट पोल में भाजपा की बढ़त बता रही है, जो कि फेक है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वीसी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा प्रत्याशियों एवं प्रदेश अध्यक्षों से फीडबैक लिया।

इस संवाद कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं ने लोकसभा प्रत्याशियों से मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित करने, सतर्कता बरतने एवं फॉर्म 17 का ईवीएम से मिलान करने पर जोर दिया। वीसी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा एवं अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने अपना फीडबैक दिया।

# किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपए का कारोबार कर कायम की मिसाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपए का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।यह संगठन के 2022-23 में 54 लाख रुपये के राजस्व से दो गुना वृद्धि दर्शाता है, जो इसके संचालन के दो वर्षों के भीतर है।

मात्र 10 लीटर प्रतिदिन से शुरू कर 800 लीटर प्रतिदिन दूध तक कंपनी ने इस वर्ष 2.15 लाख लीटर दूध खरीदा है और 2.12 लाख लीटर ताजा दूध बेचा है और शेष का उपयोग प्रसंस्कृत उत्पादों के लिए किया गया है। वर्तमान में, कंपनी ताजा दूध, क्रीम आधारित घी, बिलोना घी, दही, छाछ, पनीर, मावा, खोया आदि जैसे डेयरी उत्पाद भी बेचती है।

अब किसानों को उनके दूध का भुगतान 10 दिनों के भीतर सीधे व्यक्तिगत सदस्य के बैंक खाते में प्राप्त होता है। सर्वोत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने और बनाए रखने के लिए प्रयोगशाला में विभिन्न परीक्षण भी किए जा रहे हैं जैसे मिलावट परीक्षण, यूरिया, के लिए सीएमटी और टिट्रेटेबल अम्लता। घाटावली माताजी किसान उत्पादक कंपनी की डेयरी ने दो वर्षो के संचालन के भीतर ही इसने पंजीकृत किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसका उदाहरण है घाटावाली माताजी एफपीओ के निदेशक मंडल की सदस्यों में से एक श्यामूबाई है जो कि बिछडी गांव की निवासी है कृषि और पशुधन पालन के तरीकों पर नियमित बैठकों और जानकारी साझा करने के माध्यम से, वह अब अपने निर्णय लेने में सशक्त और आश्वस्त महसूस करती है। रोजाना दूध के अलावा, श्यामू बाई घरेलू उपभोग के लिए घी, छाछ, पनीर और दही भी बनाती हैं, जिससे उनकी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी होती हैं। दूध बेचने से होने वाली आय का उपयोग मुख्य रूप से घरेलू खर्चों, अपने मवेशियों के लिए चारा खरीदने और अपने बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाता है।

श्यामू बाई डांगी का कहना है की वह 2 साल से घाटावाली माताजी एफ पी ओ से जुडी हुई हे एवं डेयरी पर दूध बेचती हे जिसका समय पर भुगतान तो मिला हैं। वे कृषि सेवा केंद्र से गायो के लिए पशु आहार भी खरीदते हैं और अपनी गायों की नस्ल में सुधार करने के लिए समाधान परियोजना अंतर्गत संचालित कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं का उपयोग करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अच्छी नस्ल की बछडिया पैदा होते हैं जिससे नस्ल सुधर हुआ हे, साथ ही समाधान परियोजना से संचालित पशु शिविर से भी सहयोग लेते है जिससे उनके पशुओ का स्वास्थ अच्छा रहता हे एवं इनका पशुओ पर दवाईयो के खर्च में भी बचत होती है। गौरतलब है कि हिन्दुस्तान जिंक द्वारा बायफ के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना वर्ष 2016 से संचालित है जिससे वर्तमान में 30 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है।



# सीपी जोशी मिले ओम प्रकाश माथुर से, कुशलक्षेम पूछी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम प्रकाश माथुर से मिलने उनके निवास पर पहुंचे और स्वास्थ्य की जानकारी लेकर कुशलक्षेम पूछी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने इससे पूर्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा से उनके सरकारी आवास पर व सड़क दुर्घटना में घायल हुए पूर्व विधायक रामहेत यादव से सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर मुलाकत की और स्वास्थ्य की जानकारी ली व चिकित्सकों से चिकित्सा संबंधी चर्चा की। सीपी जोशी ने सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती भाजपा कार्यालय में नियुक्त वाहन चालक के पिताजी से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र कटारा एवं भाजपा कार्यकर्ता भी साथ रहे।

# जोधपुर में खौफनाक हमला : युवक के दोनों हाथ काटकर बदमाश हुए फरार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर जिले के देचू इलाके में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना ने सबको हिलाकर रख दिया। तीन बदमाशों ने युवक को घर से बुलाकर उसके दोनों हाथ तलवार से काट दिए और फरार हो गए।

इस हमले की वजह अभी पता नहीं चली है। पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दिया है। देचू पुलिस स्टेशन के ड्क्ज दाऊद खान ने मीडिया को दी रिपोर्ट के मुताबिक जेठानियां गांव में 28 वर्षीय धन सिंह राजपूत पर तीन बदमाशों ने हमला किया। कालू सिंह, भूपेंद्र और गजेंद्र सिंह ने धन सिंह को रात में मिलने के बहाने घर से बुलाया।

जब धन सिंह गांव के बाहर खेतों के पास पहुंचा, तो तीनों ने किसी बात पर विवाद कर तलवार निकाल ली और उसके दोनों हाथ काट दिए। घटना के बाद वे वहां से फरार हो गए और साथ में खड़ी कार में भी तोड़फोड़ की।

धन सिंह के चिल्लाने की आवाज सुनकर गांववाले घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि उसके दोनों हाथ जमीन पर गिरे हुए थे। त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस को बुलाया और पुलिस को सूचना दी।

स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों हाथों को आइस बॉक्स में पैक करके उसे जोधपुर के मथुरा दास माथुर (चऊच्च) हॉस्पिटल रेफर किया, जहां से उसे एम्स ले जाया गया।

फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल का मुआयना किया गया और आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल, किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा और उन्हें सख्त सजा दिलाई जाएगी। इस क्रूर हमले ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है। गांववाले अब भी इस घटना से उबर नहीं पाए हैं और उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश के बाद भीषण गर्मी से मिली कुछ राहत

जयपुर। राजस्थान के कुछ भागों में पिछले 24 घंटों में गरज के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई जिससे तापमान में गिरावट आने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में सर्वाधिक बारिश राजगढ़, चूरू में 11-11 मिमी, जबकि सीकर में 8 मिमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को भी बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बारिश होने की पूरी संभावना है।

इस दौरान कहीं-कहीं कहीं तेज हवाएं तथा हल्की-मध्यम बारिश होने का भी अनुमान है। शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने तथा लू से राहत मिलने की संभावना है।

# 400 पार का नारा साफ़ होता दिखाई दे रहा : अरुण चतुर्वेदी

भरतपुर/दक्षिण भारत । बीजेपी नेता अरुण चतुर्वेदी रविवार को भरतपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष को नकारा बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि, इस बार भी वह राजस्थान में 25 सीटें जीत रहे हैं। बीजेपी ने जो 4 सौ पर नारा दिया था उसे पूरा करने जा रहे हैं।

एक्जिट पोल को लेकर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि, यह संभावना के आधार पर चलता है। बीजेपी केरल में अपना खाता खोल रही है।

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि, 10 साल के मोदी के नेतृत्व में भारत का शासन नाकारा विपक्ष सामने है। जिनके पास झूठ बोलने के अलावा कोई काम चुनाव प्रचार में देखने को नहीं मिला। ऐसा लगता है कि, बीजेपी ने जो 4 सौ पर का नारा दिया था उसे पूरा करने जा रहे हैं। बीजेपी 3 सौ के ऊपर और छऊ- 4 सौ के ऊपर आती हुई दिखाई दे रही है।

अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि, बीजेपी राजस्थान में अबकी बार हैट्रिक बनाएगी। 2014 में बीजेपी 25 सीटें जीती थी। 2019 में 24 सीट 1 छऊ- की सीट मिलाकर 25 सीटें हुई थी। इस बार 25 सीटें जीतती हुई बीजेपी साफ दिखाई दे रही है।

# राजस्थान में भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेगी कांग्रेस : खाचरियावास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शनिवार को जारी हुए लोकसभा चुनावों एग्जिट पोल के नतीजों में इंडिया गठबंधन भले ही पीछे रह गया हो लेकिन इनके नेताओं का मनोबल अभी भी बरकरार है। जयपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और राजस्थान के कद्दावर नेता माने जाने वाले प्रताप सिंह खाचरियावास ने चुनावी नतीजों को लेकर बड़ा दावा किया है। खाचरियावास ने राजस्थान में कांग्रेस के डबल डिजिट में सीटें जीतने और केंद्र में सरकार बनाने को लेकर भी बड़ा दावा किया है।

जयपुर सीट से चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस 15 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन केंद्र में सरकार भी बनाने जा रहा है। इसके लिए चार जून के नतीजों का इंतजार कीजिए। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजों में राजस्थान में कांग्रेस को 7 सीटें



मिली हैं, लेकिन इसे 15 कर लीजिए। उनका मानना है कि कांग्रेस राजस्थान में बीजेपी से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

इस दौरान कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा हिंदूओं और मुसलमानों के बीच खाई बना रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान हिंदुओं और मुसलमानों के बीच खाई बनाने का काम करती रही, इससे दलितों को लगा कि उनको खत्म कर दिया जाएगा। इस दौरान खाचरियावास ने निजीकरण को लेकर भी भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सबकुछ प्राइवेट करती जा रही है, इसका परिणाम यह होगा कि आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग महंगाई, बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं और वो ये भी जानते हैं कि संविधान को बदलने की तैयारी चल रही है।

बता दें कि लोकसभा चुनावो को लेकर शनिवार को आए एग्जिट पोल के नतीजों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को काफी आगे दिखाया गया है। कई एग्जिट पोल में एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, राजस्थान में भाजपा तीसरी बार क्लीन स्वीप करती हुई नहीं दिख रही है। एग्जिट पोल्स में यहां कांग्रेस को 7-8 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है।

## परिंडे



जयपुर में रविवार को झोटवाड़ा में पक्षियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था के लिए परिंडे लगाते मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़।

# अरुणाचल में जीत 'ऐतिहासिक', लोगों ने यहां के लिए प्रधानमंत्री मोदी के योगदान का कर्ज चुकाया : खांडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने रविवार को विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत को ''ऐतिहासिक'' बताया और कहा कि चार जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे तो यह लहर देश के अन्य हिस्सों में भी फैलेगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रविवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश में सत्ता में लौटी और उसने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीटों पर जीत हासिल की जबकि विपक्षी कांग्रेस को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी जिसे सिर्फ एक सीट मिली। उन्होंने कहा, ''यह भाजपा और पूरे अरुणाचल प्रदेश



के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। अरुणाचल प्रदेश के लोगों ने घोषणा की है कि वे चाहते हैं कि भाजपा अगले पांच साल तक सत्ता में रहे।'' खांडू ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, इस बार जनादेश 2019 से भी ज्यादा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीटें जीती थीं, जबकि इस बार हमने 46 सीटें जीती हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को वोटों की गिनती हुई। मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से खांडू निर्विरोध विजयी हुए। भाजपा के नौ अन्य उम्मीदवारों ने भी निर्विरोध जीत दर्ज की।

खांडू ने कहा, राज्य के लोगों ने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के योगदान का कर्ज चुकाया है... राज्य में भाजपा नीत राजग शासन के तहत हुआ विकास राज्य में पार्टी की जीत का प्रमुख कारक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार के तहत अरुणाचल प्रदेश में हुआ विकास राज्य में पार्टी की जीत का प्रमुख कारक है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भाजपा ने अपनी जीत का सिलसिला 'उगते सूरज की भूमि' (अरुणाचल) से शुरू किया है और यह सिलसिला पूरे देश में फैलेगा, जिसे लोग चार जून को देखेंगे। पार्टी लोकसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल करेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## सिक्किम के पांच बार मुख्यमंत्री रहे चामलिंग दोनों विस सीट से हारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम के पांच बार मुख्यमंत्री रहे और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) सुप्रीमो पवन कुमार चामलिंग रविवार को दोनों विधानसभा सीट, पोकलोक-कामरंग और नामचेयबुंग से हार गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आठ बार के विधायक चामलिंग अपने गृह जिले में पोकलोक-कामरंग सीट पर 'सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा'



(एसकेएम) के उम्मीदवार भोजराज राय से 3,063 मतों के अंतर से हार गए।

अधिकारियों ने बताया कि राय को 8,037 वोट मिले, जबकि चामलिंग को 4,974 वोट मिले। अर्जुन राय (भाजपा) और संजू राय (सीएपी-एस) को पोकलोक-कामरंग सीट पर क्रमश: 739 और 691 वोट मिले। चामलिंग, नामचेयबुंग विस सीट पर एसकेएम उम्मीदवार राजू बसनेत से 2,256 मतों के अंतर से हार गए। बसनेत को 7,195 और चामलिंग को 4,939 मत मिले। सिटीजन एक्शन पार्टी-सिक्किम (सीएपी-एस) के एस राय को 814 वोट मिले, जबकि भाजपा की पूजा शर्मा को 374 मत मिले। चामलिंग 1994 से 2019 तक 25 साल तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे थे। पिछले 39 वर्षों में यह पहली बार होगा कि चामलिंग विधायक के रूप में विधानसभा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर में बाढ़ और देशभर में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और देशभर में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि इन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग ले रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सबसे पहली बैठक पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति को लेकर हुई। उन्होंने विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने देश में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को लेकर हुई एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री बड़े पैमाने पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी एक बैठक में शामिल होने वाले हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री की ये बैठकें लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले दिन हो रही है। मतदान संपन्न होने के बाद अधिकांश एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार फिर से सत्ता में वापसी कर सकती है।

चुनाव परिणाम चार जून को सामने आएंगे।लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नई सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों और पहलों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है।

## अरुणाचल में कांग्रेस को मिली केवल एक सीट, कहा-जनादेश है स्वीकार

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट जीतने में सफल रही कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसे जनादेश स्वीकार है। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आज घोषित किए गए। अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष नबाम तुकी ने कहा कि पार्टी चुनाव परिणामों से ''निराश है लेकिन हतोत्साहित नहीं'' है। कांग्रेस ने 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 19 उम्मीदवार उतारे थे और उसे केवल पूर्वी कामेंग जिले में बामेंग सीट पर जीत हासिल हुई।

तुकी ने एक बयान में कहा कि पार्टी ''जिम्मेदारी की भावना के साथ लोगों के जनादेश को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करती है।'' उन्होंने मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त किया। तुकी ने कहा, ''पार्टी चुनाव हारी है लेकिन हिम्मत नहीं। कांग्रेस कड़ी मेहनत करेगी और लोगों के अधिकारों के साथ-साथ देश के आदर्शों के लिए भी जिम्मेदारी के साथ लड़ती रहेगी।'' एपीसीसी अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने ''जमीन पर ईमानदारी और समर्पण के साथ अथक परिश्रम किया और चुनाव प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया''। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से निराश हैं लेकिन हतोत्साहित नहीं हैं। हम हार के कारणों पर आत्मनिरीक्षण करेंगे और आने वाले दिनों में संगठन पर काम करेंगे।''

## ओडिशा में कम से कम 12 लोकसभा सीट, 110 विस सीट जीतेंगे: बीजद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने रविवार को दावा किया कि पार्टी ओडिशा में 147 विधानसभा सीट में से कम से कम 110 सीट जीतकर दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। बीजद ने कहा कि वह इस राज्य की 21 लोकसभा सीट में से कम से कम 12 सीट जीतेगी।

ओडिशा में भाजपा को 15 लोकसभा सीट मिलने का पूर्वानुमान जताने वाले एग्जिट पोल को खारिज करते हुए बीजद ने कहा कि राज्य के लिए एग्जिट पोल 2014 और 2019 के चुनावों में गलत साबित हुए हैं और यह प्रवृत्ति इस बार भी जारी रहेगी। बीजद प्रवक्ता सस्मित पात्रा ने कहा, ''हम विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2014 और 2019 की तरह इस बार भी एग्जिट पोल गलत साबित



होंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमारे सर्वेक्षणों, विश्लेषण और जमीनी स्तर से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर हमें कम से कम 12 लोकसभा सीट और 110 विधानसभा सीट जीतने की उम्मीद है... हम राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाएंगे।'' एग्जिट पोल ने ओडिशा में भाजपा को 15 और बीजद को पांच सीट दी हैं। बीजद के वरिष्ठ नेता वी के पांडियन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सबने देखा है कि कुछ राष्ट्रीय स्तर के संगठनों द्वारा वातानुकूलित कमरों में बैठकर किए गए एग्जिट पोल कितने गलत होते हैं। वर्ष 2024 के एग्जिट पोल पिछले एग्जिट पोल की पुनरावृत्ति मात्र होंगे।

## अरुणाचल विस चुनाव में मिली जीत लोस चुनाव के नतीजों का संकेत : हिमंत



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत चार जून को आने वाले लोकसभा चुनाव परिणामों का संकेत है। शर्मा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के नतीजे पार्टी की ''सुशासन और विकास की राजनीति'' में लोगों के विश्वास को दर्शाते हैं।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि भाजपा लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश में सत्ता में लौटी है और पार्टी ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत दर्ज की है। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, ''अरुणाचल प्रदेश में मिली भारी जीत चार जून को आने वाले नतीजों का पूर्व संकेत है।'' उन्होंने कहा कि ये परिणाम ''राज्य के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति में जबरदस्त विश्वास को दर्शाते हैं।'' उन्होंने विकास के एजेंडे को लोगों के बीच ले जाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की भी सराहना की।

अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी हुए थे। राज्य में दो लोकसभा सीट हैं, जिनके लिए मतगणना मंगलवार को होगी।

## यह 'मोदी मीडिया पोल' है, 'इंडिया' गठबंधन को 295 सीट मिलेंगी : राहुल गांधी ने 'एग्जिट पोल' पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) को रविवार को 'फर्जी' बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए ''जानबूझकर किया गया प्रयास'' और 'इंडिया' गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे ''मनोवैज्ञानिक खेल'' का हिस्सा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को ''मोदी मीडिया पोल'' बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक



बैठक के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, ''इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है।'' यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा, ''आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।''

## कांग्रेस के राज्य नेताओं को भरोसा, पार्टी एग्जिट पोल के अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेताओं ने रविवार को विश्वास जताया कि पार्टी कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमानों से कहीं बेहतर प्रदर्शन करेगी तथा जोर देकर कहा कि अगली सरकार 'इंडिया' गठबंधन की बनेगी। कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, झारखंड, असम, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा होगा, जो एग्जिट पोल के सभी अनुमानों को झुठला देगा।

यह बात कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा विभिन्न राज्यों के प्रमुख नेताओं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों और विधायक दल के नेताओं के साथ मीडिया की मौजूदगी में 'ऑनलाइन बातचीत' के दौरान कही गई। रमेश के साथ 'जूम कॉल' पर बातचीत के दौरान असम कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में कम से कम सात सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में कथित आंतरिक कलह और 'इंडिया' गठबंधन के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हुआ है।

राज्य में लोकसभा की 14 सीट हैं। पंजाब विस में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि सभी सर्वेक्षणों में कांग्रेस को सात-नौ सीट दी गई हैं। उन्होंने कहा, हम नौ सीट पर आगे हैं, एक सीट आम आदमी पार्टी को मिलेगी और तीन सीट ऐसे उम्मीदवारों को मिलेंगी जो किसी भी तरह से राजग या प्रधानमंत्री की मदद नहीं करेंगे। 'इंडिया' को 10 सीट मिलेंगी... पंजाब में, राजग को एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। राज्य में 13 संसदीय सीट हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस को दो-संसदीय सीट पर बढ़त हासिल है तथा पहाड़ी राज्य की दो अन्य सीट पर कड़ी टक्कर है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस उन छह विस सीट पर भी जीत हासिल करेगी, जहां उपचुनाव हुए हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि राज्य में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस द्वारा पूरी की गई गारंटियों की लोकप्रियता के कारण उनकी पार्टी 28 में से दो-तिहाई सीट जीतेंगी। बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में जिन नौ सीट पर चुनाव लड़ी है, उनमें से 6-7 सीट निश्चित रूप से जीतेगी।



## नोएडा में बंद पड़े फैक्टरी परिसर में आग लगने से 35 कारें राख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** गौतम बुद्धनगर जिले के सेक्टर आठ में एक बंद पड़े फैक्ट्री परिसर में रविवार को भीषण आग लगने से 35 कारें राख बन गईं।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस - वन क्षेत्र के सेक्टर आठ में बंद पड़े एक परिसर में आग लगने से वहां खड़ी स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई पुरानी कारें राख में बन गईं। उन्होंने बताया कि दमकल की छह गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि करीब 35 कारें जल गई हैं, लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई है।

## भाजपा सांसद रामकृपाल यादव पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है।

यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हमले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, यह घटना बेहद निंदनीय है। जिस तरह से हमारे सांसद के काफिले पर राजद समर्थकों ने हमला किया, उससे पता चलता है कि लालू प्रसाद की पार्टी केवल हिंसा में विश्वास करती है। हम निर्वाचन आयोग से घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, हमले का उद्देश्य यादव को नुकसान पहुंचाना था, लेकिन वह सुरक्षित बच गए। हालांकि, इस घटना में हमारे कई समर्थक घायल हो गए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि उन्हें और उनके काफिले को निशाना बनाकर जिस तरह से गोलीबारी की गई, वह उसकी कभी कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, मैं कभी भी सुरक्षा घेरे में नहीं रहता, क्योंकि मेरे मतदाता और पार्टी कार्यकर्ता रामकृपाल यादव की सुरक्षा करते हैं। मैंने कभी हिंसा की राजनीति नहीं की। शनिवार को मुझ पर और मेरे काफिले पर जिस तरह से गोलियां चलाई गईं, मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता। मेरे कार्यकर्ताओं को पीटा गया, उनकी जान भी जा सकती थी। उन्होंने कहा, मैंने घायल समर्थकों से मुलाकात की, जिनका उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली।

यादव का मुकाबला पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती से है।

## गुवाहाटी के निकट आईआईएम स्थापित करने को केंद्र की मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी।

इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है। इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने नए संस्थान के लिए भूमि और रसद सहायता की पेशकश की है, जिसका मार्गदर्शन आईआईएम-अहमदाबाद करेगा।

# 'हमने अब तक बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**न्यूयॉर्क/भाषा।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए।

भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की। पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा, ''सिर्फ उसे मौका देने के लिए (ऐसा किया)। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि



गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं।'' पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा, ''जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था।'' उन्होंने कहा, ''नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।''

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा, ''एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।'' उन्होंने कहा,''इसलिए हमें इस क्षेत्र पर काम करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी इस बात का ध्यान रखें कि भारीपन महसूस नहीं हो।''

## विरोधी पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीमः युवराज सिंह



**न्यूयॉर्क/भाषा।** आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे।

## भारत का कोच बनना पसंद करूंगा : गौतम गंभीर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है।

भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी। लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं। अबुधाबी में एक कार्यक्रम के इतर गंभीर (42 वर्ष) ने कहा, ''मैं भारतीय टीम को कोचिंग देना पसंद करूंगा। अपनी राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। आप 140 करोड़ भारतीयों और दुनिया भर के लोगों का प्रतिनिधित्व करोगे। '' इस हफ्ते के शुरु में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए गंभीर का समर्थन करते



हुए कहा था कि वह अच्छे उम्मीदवार हैं। गंभीर अबुधाबी के मेडोर अस्पताल में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। तभी एक ने उनसे भारतीय क्रिकेट टीम को कोचिंग देने और अपने अनुभव से विश्व कप जीतने में मदद करने के बारे में पूछा तो गंभीर ने जवाब दिया, ''मैंने अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं दिया है, हालांकि बहुत लोगों ने मुझसे इसके बारे पूछा है। लेकिन अब मुझे आपको जवाब देना होगा। '' गंभीर ने कहा, ''भारत को विश्व कप जीतने में 140 करोड़ भारतीय मदद करेंगे। अगर हर कोई हमारे लिए दुआ करना शुरू कर दे तथा हम उनका प्रतिनिधित्व करना और खेलना शुरू कर दें तो भारत विश्व कप जीत जायेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात निर्भीक होना है। ''

## सुविचार

**जो कह दिया वो अल्फ़ाज़ थे, जो कह ना सके वो जज्बात थे, जो कहते कहते ना कह पाए वो अहसास थे।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एग्जिट पोल की भी परख

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान होने के बाद अब मतगणना के दौरान उम्मीदवारों के साथ ही एग्जिट पोल की भी परख होगी। ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि ऐसे अनुमानों की विश्वसनीयता पर सवाल उठते रहे हैं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जब विभिन्न एग्जिट पोल आए तो उनमें मोदी की लोकप्रियता को तो स्वीकारा गया, लेकिन यह भी दावा किया गया कि मुकाबला कड़ा होगा। जब नतीजे आए तो राजनीति के बड़े-बड़े धुरंधर चकित रह गए थे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बाद समाचार चैनलों के भव्य स्टूडियो में बैठे कई विश्लेषक दावा कर रहे थे कि सरकार तो राजग की बनेगी, अलबत्ता भाजपा की सीटें काफी घट जाएंगी। एग्जिट पोल में भी राजग की सरकार बनती दिख रही थी। जब नतीजे आए तो भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सीटों में काफी बढ़त देखने को मिली। सवाल है कि जनता का मूड भांपने का दावा करने वाले ये एग्जिट पोल वास्तविक नतीजों से इतने अलग क्यों होते हैं? वर्षों से चुनावी राजनीति का विश्लेषण करने वाले भी नतीजों का सटीक अनुमान लगाने में पीछे क्यों रह जाते हैं? वास्तव में भारत का मतदाता इतना परिपक्व हो चुका है कि उसके मिज़ाज को ठीक-ठीक समझ पाना तमाम एग्जिट पोल और विश्लेषकों के लिए टेढ़ी खीर है। प्राय: लोग वोट डालने से पहले या उसके बाद संबंधित उम्मीदवार या दल के बारे में एग्जिट पोल की टीम और विश्लेषकों को पूरी जानकारी देने से परहेज करते हैं। ऐसे में मतदाताओं के मन की थाह पाने में समीकरण गड़बड़ा जाते हैं।

कुछ 'विश्लेषक' चुनावी जनसभाओं में उमड़ी भीड़ के आधार पर नतीजों का अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं। वे इस बात को नज़र-अंदाज़ कर देते हैं कि कई लोग एक से ज्यादा उम्मीदवारों की जनसभाओं में जा सकते हैं। लोग भीड़ के साथ पहले उम्मीदवार के लिए 'ज़िंदाबाद' के नारे लगा देते हैं तो वे ही नारे दूसरे या तीसरे उम्मीदवार की जनसभाओं में भी दोहरा देते हैं। भीड़ देखकर नेतागण में आत्मविश्वास आ जाता है। चुनावी जनसभाओं के नजारे देखकर उन्हें भी अपनी जीत पक्की नजर आने लगती है। जबकि बात इतनी सीधी नहीं है। अब भारतीय मतदाता जातिवाद, सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, भाषावाद, लुभावने वादों और आकर्षक नारों को पीछे छोड़ते हुए मुद्दों को ज्यादा महत्त्व देने लगा है। वह ज़माना गया, जब यह माना जाता था कि 'आम मतदाता राष्ट्रीय सुरक्षा, संस्कृति, रोजगार, विकास जैसे मुद्दों की खास परवाह नहीं करता ... अगर आप किसी खास परिवार या खास जाति से ताल्लुक रखते हैं तो इसी से बेड़ा पार हो जाएगा!' मतदाताओं में एक वर्ग ऐसा है, जो अपनी राय साझा करने में ज्यादा रुचि नहीं रखता। वह चुपचाप जाकर ईवीएम का बटन दबा आता है। वह देखता है- घर में बिजली आ रही है या नहीं, पानी आ रहा है या नहीं, राशन मिल रहा है या नहीं, गैस सिलेंडर आसानी से मिल रहा है नहीं, बिल जमा कराने और सरकारी सुविधाओं के लिए पंजीकरण कराते समय लंबी-लंबी कतारों से मुक्ति मिली है या नहीं ...? वह जान चुका है कि जातिवाद-सांप्रदायिकता के नाम पर दशकों से वोट लेने वाले दल उसका भला नहीं, बल्कि खुद का भला करने के लिए आए हैं। भारतीय मतदाता सुनता 'सबकी' और करता 'मन की' है। वह अपने घर वोट मांगने आए उम्मीदवारों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को 'पक्का' आश्वासन देने के साथ विदा करता है, लेकिन ईवीएम का बटन उसी उम्मीदवार के पक्ष में दबाता है, जिसे वह चाहता है। बेशक लोकसभा चुनाव में कई उम्मीदवार जीतेंगे, कई हारेंगे। उनके बारे में तब तक दृढ़ता से कुछ नहीं कहा जा सकता, जब तक कि अंतिम नतीजे न आ जाएं। हां, इस चुनाव में जिसकी जीत सुनिश्चित है, उसका नाम है- भारतीय लोकतंत्र, जिसे मजबूत बनाने के लिए करोड़ों मतदाताओं ने योगदान दिया।

## ट्वीटर टॉक



अरुणाचल प्रदेश की जनता-जनार्दन का हार्दिक एवं आत्मीय आभार! यह ऐतिहासिक जीत इस बात का प्रमाण है कि अरुणाचल प्रदेश की सम्मानित जनता यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों एवं प्रदेश सरकार के कामकाजों से पूर्णतया संतुष्ट है।

**-दीया कुमारी**



एक्जिट पोल छोड़िए, एक्जट आंकड़ा जनता के पोल में आएगा और भाजपा प्रत्याशियों के मोरिया बोलेंगे। राजस्थान में कांग्रेस एवं गठबंधन के साथी मिलकर बड़ी जीत हासिल करेंगे और देश में इंडिया गठबंधन बहुमत से सरकार बनाएगा।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



राजस्थान को मोदी जी पर अटल विश्वास है! यहाँ सभी 25 क्षेत्रों के लोकतांत्रिक सरोवरों में पुनः विकास का कमल खिलेगा और फिर से प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार बनेगी। आज भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मतगणना संबंधी कर्तव्य निर्वहन पर वरिष्ठों, साथियों, सहयोगियों से चर्चा की।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# निर्मलता का मंत्र

संत रामानुज जब प्रात:काल गंगा में स्नान करने जाते थे, तो ब्राह्मणों के कंधों पर हाथ रखकर जाते थे और लौटते समय हरिजनों के कंधों पर हाथ रखते आते थे। एक व्यक्ति ने उनसे पूछा, 'संतवर, यह क्या पाखंड-सा है कि आप जब स्नान करने जाते समय ब्राह्मणों के कंधों पर और आते समय हरिजनों के कंधों पर हाथ रखते आते हैं।' विनम्रतापूर्वक रामानुज जी बोले, 'मेरे प्यारे! जब मैं ब्राह्मण के कंधे पर हाथ रखता हूं तो मुझे इनके अंदर छुआछूत का मैला भाव मालूम पड़ता है और जब मैं हरिजन के कंधे का स्पर्श करता हूं तो मेरा मन शुद्ध, पवित्र तथा निर्मल-सा हो जाता है।' छुआछूत को खत्म करने के संत के इस अनूठे तरीके का लोगों पर इतना प्रभाव पड़ा कि अनेक लोगों ने हरिजनों से छुआछूतपूर्ण व्यवहार का त्याग कर दिया था।

## सामयिक

# एग्जिट पोल : मोदी का महाबली अवतार, विपक्ष धराशायी

बाल मुकुन्द ओझा



**चाय पान की दुकानों और गली नुक्कड़ों पर सब की जुबान पर मोदी की ही चर्चा हो रही है। लोग मोदी को महाबली कहने में भी नहीं हिचक रहे है। अपनी ही पार्टी में अटल आडवाणी को पीछे छोड़कर मोदी अपना जनाधार और जलवा कायम कर चुके है। विपक्ष द्वारा उठाये गए महंगाई, बेरोजगार, अग्निवीर जैसे मुद्दे मोदी के तेज के सामने टिक नहीं सके और एक एक कर धराशाही हो गए। मोदी का 400 पार का नारा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी साबित हुआ और सर्वत्र लोगों की इसकी चर्चा करते देखा गया।**

एग्जिट पोल ने विपक्ष के सारे अनुमानों और दावों को ध्वस्त करते हुए एक बार फिर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की बादशाहत पर मुहर लगा दी है। यदि एग्जिट पोल सही साबित होते है तो मोदी देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़े और स्वीकार्य नेता के रूप में स्थापित होंगे। एग्जिट पोल के अनुमानों के अनुसार इस लोकसभा चुनाव में मोदी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था जिसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। उनके मुकाबले कोई भी नेता स्वयं को स्थापित करने में सफल नहीं हुआ है। देशभर में घर घर में लोग सांस थामे अपने टीवी से चिपके हुए थे जिनमें एग्जिट पोल की भविष्यवाणी की जा रही थी।

आज चाय पान की दुकानों और गली नुक्कड़ों पर सब की जुबान पर मोदी की ही चर्चा हो रही है। लोग मोदी को महाबली कहने में भी नहीं हिचक रहे है। अपनी ही पार्टी में अटल आडवाणी को पीछे छोड़कर मोदी अपना जनाधार और जलवा कायम कर चुके है।विपक्ष द्वारा उठाये गए महंगाई, बेरोजगार , अग्निवीर जैसे मुद्दे मोदी के तेज के सामने टिक नहीं सके और एक एक कर धराशाही हो गए। मोदी का 400 पार का नारा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी साबित हुआ और सर्वत्र लोगों की इसकी चर्चा करते देखा गया। लगभग सभी एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन 350 सीटों से ज्यादा जीत सकती है। एग्जिट पोल हालांकि अंतिम परिणाम नहीं होते। लेकिन फिर भी कई बार यह अनुमान के मुताबिक सही होते हैं। अनेक खबरिया चैनलों के एग्जिट पोल में कहा गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) लोकसभा की कुल 543 लोकसभा सीटों में से 371 से 401 सीटें जीतकर संसद में लगभग तीन-चौथाई बहुमत तक पहुंच सकती है।

वहीं विपक्षी नेताओं ने सदा की तरह एग्जिट पोल के अनुमानों को मानने से इंकार कर दिया है और इसे गोदी मीडिया करार दिया है।

ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को 370 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि विपक्षी दलों के इंडि- अलायंस को 125 से 150 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। पोल ऑफ़ पोल्स के मुताबिक एनडीए 350+ सीटें हासिल करेगा वहीं इंडि 125 से 150 सीटें प्राप्त करेगा। इनमें भाजपा 325 और कांग्रेस 50 सीटें प्राप्त करेगी। इंडिया न्यूज़ ने एनडीए को 371 और इंडिया को 125 सीटों का अनुमान बताया है।

एबीपी न्यूज सी-वोटर, एनडीटीवी, आज तक, इंडिया टीवी, न्यूज नेशन, रिपब्लिक टीवी, ज़ी न्यूज़, टीवी 9 भारत वर्ष , गुड न्यूज़ टुडे, टाइम्स नाउ,भारत 24, सुदर्शन न्यूज़, भारत एक्सप्रेस, 24, न्यूज़ 18 इंडिया, ज़ी भारत, आर भारत, न्यूज़ नेशन सहित दो दर्जन चैनलों के एग्जिट पोल का निचोड़ निकाले तो चुनाव में नरेंद्र मोदी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था। इस बार नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर रखने के लिए विपक्ष एकजुट होने की भरपूर कोशिश की ,लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि महागठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। इससे पूर्व सभी ओपिनियन पोल में भाजपा के हैट्रिक की भविष्यवाणी की गई थी। सट्टा बाजार में भी मोदी के सिर पर फिर ताज की घोषणा की गई थी। एग्जिट पोल की मानें तो दक्षिण भारत में बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है। एग्जिट पोल के मुताबिक मोदी की मेहनत रंग लाई जिसके कारण आंध्रा, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा और कर्णाटक जैसे राज्यों में भी भाजपा का दम ख़म सामने आया।

## विशेष

# भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं नदियां

धीरज बसाक

नदियां किसी भी देश की लाइफलाइन होती हैं। नदियों से ही उस देश की अर्थव्यवस्था, सभ्यता और प्राकृतिक समृद्धि का पता चलता है। खानपान, मनोरंजन और संस्कृति का भी स्रोत नदियां ही होती हैं। हम अगर अपने पौराणिक साहित्य पर नजर डालें तो भारतीय नदियां, भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान और आत्मा से परमात्मा तक की खोज सब नदियों के किनारे हुई, इसलिए भारत अकेला ऐसा देश है, जो नदियों को मां कहता है, देवी कहता है और उनकी पूजा करता है। कोई सभ्यता नदियों पर कितनी आश्रित होती होगी, इस बात का अंदाजा भारत की सम्पन्न सनातन संस्कृति से लगाया जा सकता है। नदियों के किनारे बसे ऋषिकेश, हरिद्वार, मथुरा, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, नासिक और उज्जैन जैसे नगर भारतीय धर्म और संस्कृति के जगमगाते द्वीप हैं। ये सभी धार्मिक और सांस्कृतिक नगर प्रसिद्ध नदियों के किनारे बसे होने के कारण ही पीढ़ियों से हमारी सभ्यता के गंतव्य स्थल हैं। भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है। भारत के चार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और मुख्य रूप से बंगाल से गुजरने वाली गंगा भारतीय संस्कृति की अमरकथा है। माना जाता है कि नदियों में देवियां और देवताओं का वास होता है। भारत में हिंदू धर्म के सबसे बड़े ग्रंथ महाभारत का आधार ही गंगा है। देवव्रत यानी भीष्म पितामाह की मां गंगा थीं।



हमारा प्राचीन और समृद्ध अतीत गंगा और यमुना नदियों के किनारे महान ऋषि, मुनियों की ज्ञान परंपरा वाला इतिहास है। गंगा और यमुना दोनों ही पवित्र नदियां हैं, जिनके किनारे आधुनिक सभ्यता के कई पड़ाव पड़े। गीता में भगवान कृष्ण खुद नदी और समुद्र की तुलना आत्मा और परमात्मा से की है। नदी आत्मा है। उत्तराखंड में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलने वाली गंगा का मुख्यस्रोत गोमुख है। कुल 2480 किलोमीटर की यह नदी हिमालय की पवित्र कंदराओं से निकलकर मैदान की तरफ बहती है। गंगा को गंगा बनाने वाली इसकी सहायक नदियां हैं। शायद यही वजह है कि इस देश में सबसे ज्यादा सहायक नदियां अगर किसी नदी की हैं, तो वह गंगा ही है। 2480 किलोमीटर तक बहने वाली गंगा इस लिहाज से देश की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, क्योंकि यह पूरी तरह से भारत में बहती है। वैसे लंबाई के लिहाज से ब्रह्मपुत्र 2990 किलोमीटर लंबी है। लेकिन ब्रह्मपुत्र तिब्बत के पुरंग जिले से निकलकर मानसरोवर झील के निकट से भारत और फिर बांग्लादेश में बहती है। इसलिए यह पूरी तरह से भारत में बहने वाली नदी नहीं है। हालांकि गंगा, गंगोत्री से निकलती है, लेकिन इसे गंगा नाम देवप्रयाग में आकर मिलता है। इसके पहले यह भगीरथी और अलकनंदा होती है। प्रयाग पहुंचने पर गंगा में देश की एक दूसरी विशाल नदी यमुना मिल जाती है, जिसमें चंबल, केन, बेतवा, शिप्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी नदियां मिलती हैं। जब यमुना, गंगा से मिल जाती है, तो गंगा बहुत ही विशाल और बहुत ही समृद्ध जल वाली नदी या छोटा मोटा समुद्र बन जाती है। इलाहाबाद के बाद गंगा की विशालता का जलवा देखते ही बनता है। पुराणों में वर्णित अंत:सरिता सरस्वती को भी माना जाता है कि वह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा में मिल जाती हैं। इसलिए जहां प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, उस जगह को त्रिवेणी यानी तीन नदियों के संगम वाली जगह कहते हैं।

(साभार :द ट्रिब्यून)

## नजरिया

# पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है।

दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। 3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।



भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है।

बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है।

अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी।

तीन साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस बंद हो गयी थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्ट्री बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गये। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निर्माता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिले बेची जाती थी।

अब समय आ गया है कि शहर एवं गांवो में साइकिल चालन को एक बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने का। ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। शहरों में समर्पित साइकिल मार्गों का निर्माण किया जाना चाहिये। हमें विश्व साइकिल दिवस को महज एक सांकेतिक कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिये। आज के दिन हमें मन ही मन इस बात का संकल्प लेना चाहिये कि हम हमारे रोजमर्रा के काम साईकिल से पूरा करेगें। तभी सही मायने में साइकिल दिवस मनाना सफल हो पायेगा।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीन अन्य देशों पर यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है : जेलेंस्की

सिंगापुर।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को दावा किया कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर स्विटजरलैंड द्वारा प्रस्तावित शांति सम्मेलन को बाधित करने में रूस की मदद करने का चीन पर आरोप लगाया।

सिंगापुर में शांगरी-ला रक्षा मंच पर संवाददाता सम्मेलन में जेलेंस्की ने कहा कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा, ''रूस, क्षेत्र में चीनी प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए, शांति शिखर सम्मेलन को बाधित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन जैसा शक्तिशाली देश पुतिन (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के हाथों की कठपुतली है।''

इससे पहले दिन में एशिया के सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों से आगामी शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि वह कुछ देशों द्वारा इसमें शामिल होने के लिए प्रतिबद्धता जताने में विफल रहने से निराश हैं। उन्होंने कहा, ''हम विभिन्न प्रस्तावों और विचारों को सुनने के लिए तैयार हैं, ताकि युद्ध की समाप्ति हो सके और कोई स्थायी समाधान निकाला जा सके।''

# चीनी अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से में सफलतापूर्वक उतरा, मिट्टी-चट्टान के नमूने लेगा

बीजिंग/भाषा। चीन का एक अंतरिक्ष यान मिट्टी और चट्टान के नमूने एकत्रित करने के लिए अपनी तरह के पहले प्रयास के तहत रविवार को चंद्रमा के एक सुदूर हिस्से में उतरा।

ये नमूने चंद्रमा के कम खोजे गए क्षेत्र और अच्छी तरह ज्ञात इसके निकटतम भाग के बीच अंतर के बारे में जानकारियां उपलब्ध करा सकते हैं। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है।

चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, चांग'ए-6 मानव इतिहास में पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में बीजिंग के स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर उतरा।

चांग'ए-6 में एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक है। इस मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है।

सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि सबसे जटिल प्रयास में से एक चंद्रमा की सतह पर उतरने के लिए बाधाओं का पता लगाने के लिए एक स्वायत्त दृश्य बाधा निवारण प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। एक लाइट कैमरा ने चंद्रमा की सतह पर उजाले और अंधेरे के आधार पर अपेक्षाकृत सुरक्षित उतरने के लिए एक स्थान का चयन किया।

चांग'ए-6 मिशन को चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्रित करके लौटने का जिम्मा दिया गया है जो अपने आप में पहला प्रयास है।

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर जा रहा उसका चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था।

चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

चांग'ए-6 के चंद्रमा पर उतरने के बाद दो दिन के भीतर उसे नमूने एकत्र करना है। उसने चंद्रमा से नमूने एकत्रित करने के लिए दो पद्धतियां अपनायी हैं जिसमें उपसतह के नमूने एकत्रित करने लिए ड्रिल का इस्तेमाल करना और रोबोट के जरिए सतर से नमूने एकत्रित करना शामिल है।

यह पहली बार है जब चीन ने अपने चंद्र मिशन में सहयोगी देश पाकिस्तान के एक ऑर्बिटर को शामिल किया है।

इससे पहले 2020 में चांग'ए 5 ने भी चंद्रमा के निकटतम भाग से नमूने एकत्रित किए थे।चीन का

## शिविर




रविवार को नई दिल्ली में संत निरंकारी मंडल के अध्यक्ष सुखदेव सिंह अर्जुन नगर में संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए।

# प्रेम सिंह तमांगः कुशल प्रशासक, संगठनकर्ता, जननेता

गंगटोक/भाषा। सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे पवन कुमार चामलिंग के खिलाफ विद्रोह से लेकर 2013 में अपनी खुद की पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा बनाने वाले प्रेम सिंह तमांग ने सियासत में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने 2009 में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट छोड़ने के पंद्रह साल बाद, चामलिंग की पार्टी की चूले हिला दीं और 2024 में हिमालयी राज्य की 32 विधानसभा सीटों में से 31 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। इससे पहले केवल दो बार, 1989 और 2009 में, राजनीतिक दलों सिक्किम संग्राम परिषद और एसडीएफ ने ऐसी भारी जीत दर्ज की थी।

तमांग (56) को एक योग्य संगठनकर्ता, प्रशासक और तेजतर्रार राजनीतिज्ञ माना जाता है।



उन्होंने अपने व्यक्तिगत करिश्मे के अलावा विकास और कल्याणकारी उपायों के बल पर अपनी पार्टी की सीटों और मत प्रतिशत में भारी वृद्धि की।

भ्रष्टाचार के एक मामले में 2017 में दोषी ठहराए जाने पर एक साल तक जेल में बंद रहने के बाद जेल से बाहर आए तमांग ने अपनी पार्टी को नया स्वरूप दिया। इसके दो साल बाद ही उनकी पार्टी ने चामलिंग को सत्ता से हटा दिया और 2019 में 17 सीटें जीत लीं।

एसडीएफ ने हालांकि 15 सीट जीती थीं, लेकिन पार्टी के दो विधायकों ने दो-दो सीटों पर जीत हासिल की थी और उन्हें एक-एक सीट छोड़नी पड़ी थी, जिससे विधानसभा में पार्टी की संख्या प्रभावी रूप से 13 रह गई।

चामलिंग को अपने विधायकों के बड़े पैमाने पर पार्टी छोड़ने का भी सामना करना पड़ा, क्योंकि 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए, जबकि शेष दो विधायक एसकेएम में शामिल हो गए, जिससे वह विधानसभा में अपनी पार्टी के एकमात्र प्रतिनिधि रह गए।



# भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिये शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन ,विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। कबीर ने भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी कर ली है। कबीर ने कहा, भूल भुलैय 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज़ और सिने1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

# अभिनेता मनोज बाजपेयी को मिला 'मूवीफाइड बेस्ट एक्टर' अवॉर्ड

**मुंबई/एजेन्सी**

अपनी हालिया रिलीज 'भैया जी' के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया बटोरने वाले बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने 'सिर्फ एक बंदा काफी है' में अपने काम के लिए मूवीफाइड बेस्ट एक्टर अवॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि 'सिर्फ एक बंदा काफी है' और 'भैया जी' दोनों का ही निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है। अवॉर्ड मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए मनोज ने कहा, ''इस सम्मान के लिए मूवीफाइड, दर्शकों और मेरे लिए वोट करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया। मुझे 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। मार्केट में बहुत कम वास्तविक पुरस्कार हैं, लेकिन जब आपको कोई ऐसे पुरस्कार मिलता है तो आपकी खुशी की कोई सीमा नहीं होती।'' फिल्म उद्योग की चकाचौंध और ग्लैमर के बीच अभिनेता ने विनम्रतापूर्वक अपनी सफलता के पीछे के गुमनाम नायकों और अपने परिवार का नाम लिया।



उन्होंने कहा, मैं यह पुरस्कार अपने परिवार को समर्पित करता हूं। वे मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वह मेरा ख्याल रखते हैं ताकि मैं बाहर जा सकूं और वास्तव में काम में खुद को डुबो सकूं।'' मनोज बाजपेयी ने अपूर्व सिंह कार्की के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपूर्व सिंह कार्की एक युवा निर्देशक हैं, जिन्होंने मुझे उस समय बहुत सहयोग दिया जब मैं दीपक किंगरानी नामक लेखक और सह-कलाकार की भूमिका निभा रहा था।'' 'सिर्फ एक बंदा काफी है' एक कोर्टरूम ड्रामा थ्रिलर है। इसमें मनोज बाजपेयी ने एक वकील की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसे जोधपुर पर दर्शाया गया है। मनोज बाजपेयी इसमें एक बेहद पॉवरफुल कथावाचक और संत के खिलाफ केस लड़ते हैं जिस पर एक बच्ची के यौन शोषण का आरोप है। इसमें एक्टर ने अपने दमदार अभिनय का प्रदर्शन किया है।

वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी को भी 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए मूवीफाइड बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म में एक मां की कहानी दिखाई गई है जो अपने बच्चे की कस्टडी पाने के लिए नॉर्वे की कानूनी व्यवस्था से लड़ती हुई नजर आती है। मूवीफाइड एक ऐसा मंच है जो अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और डिजिटल सामग्री को कवरेज देता है।

# सन्नी देओल-प्रीति जिंटा की 'लाहौर 1947' की शूटिंग पूरी

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित 'गदर 2' के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की 'लाहौर 1947' का बेसब्री से इंतजार है।लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गई है। इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है।



प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए प्रीति जिंटा ने कैप्शन में लिखा है कि, 'लाहौर 1947' का रैप अप, और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू का जितनी आभारी हूं, उतना कम है ।मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

यह निश्चित रूप से मेरी अब तक की सबसे कठिन फिल्म है। पिछले कुछ महीनों में उनकी कड़ी मेहनत और धैर्य के लिए सभी को पूरे अंक। राज जी, आमिर, सनी, शबाना जी, संतोष सिवन और एआर रहमान को तहे दिल से धन्यवाद। हमेशा ढ़ेर सारा प्यार।



# फिल्म 'लव की अरेंज' मैरिज का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री अवनीत कौर और अभिनेता सनी सिंह की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लव की अरेंज मैरिज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। लव की अरेंज मैरिज छोटे शहर की कहानी है, जिसमें लव और इशिका की लव स्टोरी दिखाई गई है।ट्रेलर में दिखाया गया है कि इशिका और सनी की अरेंज मैरिज की बात चल रही है। मगर, दोनों एक-दूसरे को पसंद नहीं करते। किसी तरह शादी तक बात पहुंचती है, लेकिन दिक्कत तब आती है, जब अन्नू कपूर और सुप्रिया पाठक एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं। फिल्म में राजपाल यादव भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। इसका निर्देशन इशरत आर खान ने किया है। लव की अरेंज मैरिज 14 जून को जी5 पर रिलीज की जाएगी। फिल्म का ट्रेलर शेयर करने के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म के पेज पर लिखा गया है, इस भव्य शादी के लिए अपनी तारीख बचाकर रखिए।

## गर्मी



जमशेदपुर में रॉयल बंगाल टाइगर रविवार को झारखंड के टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में अपने बाड़े के अंदर चिलचिलाती और उमस भरी गर्मी से छुटकारा पाने के लिए एक तालाब में आनंद लेता टाइगर।

# आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप ट्रोलिंग से बच नहीं सकते : दीपिका सिंह

**मुंबई/एजेन्सी**


सुपरहिट धारावाहिक 'दीया और बाती' से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने शो 'मंगल लक्ष्मी' से छोटे पर्दे पर वापसी की। इस शो को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी एक्टिंग की सराहना की जाती है, तो वहीं वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डांसिंग वीडियो को लेकर ट्रोल होती रहती हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि उन पर ट्रोलिंग का कोई असर नहीं पड़ता। दीपिका ने कहा, ट्रोलिंग का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। मैं इसे बहुत शालीनता से स्वीकार करती हूं, क्योंकि मेरे आस-पास मेरे माता-पिता, पति और मेरे ओडिसी डांस टीचर्स जैसे लोग हैं। उनके साथ रहकर मैंने जिंदगी की हर परिस्थितियों को स्वीकार करना सीखा है। उन्होंने मुझे सिखाया है कि चाहे आप कितने भी कामयाब क्यों न हो जाओ, आप इससे बच नहीं सकते।'' एक्ट्रेस 10 साल से ओडिसी डांस सीख रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा, सभी लोग आपको स्वीकार नहीं कर सकते। जो लोग आपकी तरह सोचते हैं, केवल वही आपको स्वीकार कर पाएंगे। मेरे जैसे लोग ही मुझे समझेंगे।



दीपिका ने कहा, ''कुछ लोग मुझे पसंद तो करते हैं लेकिन मेरी सराहना नहीं करते। लेकिन मैं जानती हूं कि मैं क्या कर रही हूं। मैं खुद के बारे में सोचना पसंद करती हूं, ना कि इस बारे में कि दूसरे क्या सोचते हैं। मैं अपने लिए और अपनी खुशी के लिए काम करती हूं, चाहे वह मेरा इंस्टाग्राम पेज हो या मेरी एक्टिंग।'' एक्ट्रेस ने कहा, यह मेरी लाइफ है और भगवान ने मुझे इसके लिए चुना है, इसलिए मैं किसी के भी प्रति जवाबदेह नहीं हूं। यही वजह है कि ट्रोलिंग और आलोचनाओं का मुझ पर कोई असर नहीं होता।'' उन्होंने कहा, जब आपको कामयाबी मिलती है और आप ऊपर की ओर बढ़ रहे होते हैं, तो आपको प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है, क्योंकि एक ऐसी शक्ति होती है जो आपको नीचे गिराने की कोशिश करेगी। दीपिका ट्रोलिंग को पॉजिटिव तरीके से देखती हैं। उन्होंने कहा, जब बिना किसी कारण के ट्रोलिंग होती है, तो मुझे पता चलता है कि मैं अच्छा काम कर रही हूं, इसीलिए लोग मुझे नीचे गिराने की कोशिश कर रहे हैं। फिर मैं और भी ज़्यादा ताकत के साथ वापस आती हूं और पहले से भी बेहतर काम करती हूं। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मेरे आलोचक भी हैं।'' दीपिका ने कहा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दिखते ही नहीं। कम से कम, मुझे लोग देख तो रहे हैं जो मेरी आलोचना कर रहे हैं, इसका मतलब है कि मैं कुछ अच्छा कर रही हूं। इसलिए मैं खुश हूं। 'मंगल लक्ष्मी' कलर्स पर प्रसारित होता है।

# तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की भारतीय सितारों की लिस्ट में टॉप 20 में शामिल

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली भारतीय सितारों की लिस्ट में टॉप 20 में शामिल हो गयी हैं। तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली टॉप 100 भारतीय सितारों की लिस्ट में 15वें स्थान पर हैं, और इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने वाली सबसे नई अदाकारा बन गई हैं। उन्होंने श्रेयस तलपड़े के निर्देशन में बनी पोस्टर बॉयज़ (2017) में सनी देओल, बॉबी देओल और तलपड़े के साथ अपनी शुरुआत की थी। उसके बाद, उन्होंने इम्तियाज़ अली की लैला मजनू (2018) में अपनी भूमिका के लिए ध्यान आकर्षित किया। बाद में, उन्होंने बुलबुल (2020), और क़ला (2022) जैसी कई समीक्षकों द्वारा प्रशंसित ओटीटी फ़िल्मों में भी अभिनय किया। वह हाल ही में रणबीर कपूर, अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ ब्लॉकबस्टर एनिमल (2023) में भी नज़र आईं।

यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, क्योंकि तृप्ति ने सिर्फ़ छह साल के करियर में कई दिग्गज अभिनेताओं को पीछे छोड़ दिया है। आईएमडीबी ने पिछले दशक के शीर्ष 100 सर्वाधिक देखे गए भारतीय सितारों की वैश्विक सूची जारी की, जिसमें दीपिका पादुकोण शीर्ष स्थान पर रहीं। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और इरफान खान भी शीर्ष दस में हैं।

दीपिका पादुकोण के बाद दूसरे स्थान पर शाहरुख खान, तीसरे पर ऐश्वर्या राय बच्चन, चौथे पर आलिया भट्ट और पांचवें पर इरफान खान हैं। इस सूची में आमिर खान छठे, सुशांत सिंह राजपूत सातवें, सलमान खान आठवें, ऋतिक रोशन नौवें और अक्षय कुमार दसवें स्थान पर हैं। कैटरीना कैफ 11वें स्थान पर हैं, जबकि तृप्ति डिमरी 15वें स्थान पर हैं। रणबीर कपूर 17वें और रणवीर सिंह 19वें स्थान पर हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, मैंने 2017 में 'पोस्टर बॉयज़' से अपनी शुरुआत की, और हालांकि मेरे करियर को शुरू हुए एक दशक भी नहीं हुआ है, लेकिन मैं इस सूची में सबसे नया नाम बनकर खुश हूँ। एनिमल, काला और बुलबुल सहित मेरी फिल्मों के लिए मुझे अपने प्रशंसकों से जो प्यार और समर्थन मिला है, वह बेहद संतुष्टिदायक है। यह पहचान मेरे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मेरे प्रशंसक ही हैं जिन्होंने अपनी अपार प्रशंसा के साथ इसे संभव बनाया है। तृप्ति डिमरी की आगामी प्रोजेक्ट में राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज़, कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ धड़क 2 शामिल हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

'समाज की शिक्षा, सेवा एवं आर्थिक सुदृढ़ता के लिये समर्पित जीतो के बेंगलूर साउथ चैप्टर द्वारा 8-9 जून को आयोजित होने वाले विशाल आयोजन जीतो ग्रोथ सम्मिट के व्यापारिक मेले में व्यापारियों को एक दिन पहले ही अपने उत्पाद एवं पेशेवरों को अपनी सेवाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।



# सुरेश बरड़िया बने यशवन्तपुर तेरापंथ सभा के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय यशवन्तपुर सभा भवन में साधारण सभा का आयोजन किया गया। नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ सभा का शुभारंभ हुआ। प्रकाश बाबेल ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया।सभा अध्यक्ष गौतमचंद मुथा ने सभी का स्वागत किया। सभा मंत्री महावीर ओस्तवाल ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं कोषाध्यक्ष सुनील बाबेल ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष ने सभी सहयोगियों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, उपाध्यक्ष शांतिलाल भंसाली, तेयुप अध्यक्ष जिगर मारू, महिला मंडल मंत्री लाडली मुथा, मदनलाल बरडिया, कमलेश दक, पद्मा सुराना, हगामीलाल बरडिया ने नए अध्यक्ष, मंत्री एवं पूरी टीम को शुमकामनाएं दी।

इस मौके पर 70 वर्ष या ऊपर के आधार स्तंभ श्रावक श्राविकाओं का सम्मान किया गया। तत्पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाश बाबेल ने बताया कि आगामी कार्यकाल हेतु अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। गौतमचंद मुथा ने सुरेश बरड़िया के नाम का प्रस्ताव रखा एवं समस्त सदन ने सहर्ष स्वीकृति दी। इस पर चुनाव अधिकारी बाबेल ने सुरेश बरडिया को आगामी कार्यकाल हेतु यशवंतपुर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष घोषित किया। उपाध्यक्ष बाबूलाल माण्डोत ने धन्यवाद दिया।

# तेयुप राजराजेश्वरीनगर के नए अध्यक्ष बने विकास छाजेड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरीनगर की सप्तम वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष विकास छाजेड़ की अध्यक्षता में हुई। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन तेरापंथ ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज डागा ने किया। अध्यक्ष विकाश छाजेड़ ने सभी का स्वागत करते हुए गत वर्ष में कार्यकर्ताओं द्वारा मिले सहयोग की सराहना की। मंत्री धर्मेश नाहर ने मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यों का उल्लेख किया। कोषाध्यक्ष सौरभ चोरड़िया ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। आचार्य तुलसी डायग्नॉस्टिक सेंटर के संयोजक नरेश बांठिया ने वर्ष भर में किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की तथा सदस्य पंकज बैद ने आय व्यय की जानकारी प्रदान की। इस मौके पर तेयुप सदस्यों द्वारा गत कार्यकाल में किये गये कार्य के लिए उन्हें उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। चुनाव अधिकारी मनोज डागा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु केवल बिकाश छाजेड़ का नाम का प्राप्त हुआ है और बिकाश छाजेड़ के नाम की अध्यक्ष पद के लिए घोषणा की। नवमनोनीत अध्यक्ष बिकाश छाजेड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# जीतो व्यापारिक मेले का शुभारंभ 7 जून को

## व्यापारियों को मिलेगा प्रदर्शन का एक अतिरिक्त दिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'समाज की शिक्षा, सेवा एवं आर्थिक सुदृढ़ता के लिये समर्पित जीतो के बेंगलूर साउथ चैप्टर द्वारा 8-9 जून को आयोजित होने वाले विशाल आयोजन जीतो ग्रोथ सम्मिट के व्यापारिक मेले में व्यापारियों को एक दिन पहले ही अपने उत्पाद एवं पेशेवरों को अपनी सेवाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। साउथ चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने बताया कि ग्रोथ सम्मिट का आयोजन 2 दिनों का रहेगा लेकिन इस दौरान आयोजित होने वाले व्यापारिक मेले में स्टाल लेने वाले व्यापारियों एवं पेशेवरों को उनकी अत्याधिक मांग को देखते हुए जीतो साउथ ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रदर्शनी एक दिन पहले प्रारंभ करने का निर्णय लेकर व्यापारियों को अतिरिक्त लाभ दिया जा रहा है। उनके अनुसार जीतो अपेक्स, केकेजी जोन व चैप्टर के गणमान्य व्यक्तियों साथ प्रसिद्ध हस्तिया व्यापारिक मेले का 7 जून को उद्धघाटन करेंगे जो व्यापारिक नेटवर्किंग व उत्पाद प्रदर्शन को चिन्हित करेगा।

महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल के अनुसार 7 जून से प्रारंभ 3 दिवसीय व्यापारिक मेले के साथ 8-9 जून को ग्रोथ सम्मिट में जेपीएफ राष्ट्रीय सम्मेलन, केकेजी जोन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा सम्मेलन, स्टेबिन बेन व सोल जैम के साथ संगीत संध्या, जैन गॉट टैलेंट, आधुनिक तकनीक के साथ जैन मंडप, इमर्सिव वीआर थिएटर अनुभव के उपयोग से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि इस सम्मिट में नवरतन ज्वेलर्स, श्री कृष्णा डायमंड एन ज्वेलर्स, पंचकेशरी बड़ेरा ज्वेलर, मोती ज्वेल पैलेस, अनन्या ज्वेल्स, निखार, ज्वेल इंडिया ज्वेलर्स, एम पी ज्वेलर्स एचएसआर लेआउट आदि प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही रियल स्टेट, शिक्षा, कपड़े, गारमेंट्स, फर्नीचर, कृत्रिम आभूषण, खाद्य सामग्री इत्यादि की स्टाल से ग्राहकों को एक ही छत के नीचे कई प्रकार के नये व आधुनिक उत्पादों का अनुभव मिलेगा।



# तेरापंथ कन्यामंडल राजाजीनगर की कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में राजाजीनगर कन्यामंडल द्वारा सेलिब्रेट मदरहुड विथ मदर्स नामक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका प्रेक्षा वेदमुथा ने किया। अध्यक्षा उषाचौधरी ने उपस्थित माँ-बेटी की जोड़ियों का स्वागत किया। प्रशिक्षक लता नवलखा ने माँ -बेटी के अनोखे रिश्ते की अहमियत के बारे में बहुत अच्छी और सरल तरीके से समझाया। मां की ममता एवं त्याग को ज्ञानवर्धक कहानी एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया तथा गतिविधियां करवाई। कन्याओं ने रोचक और स्वादिष्ट जैन व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की। निवर्तमान अध्यक्षा चेतना वेदमुथा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विजेता कन्याओं को पुरस्कृत किया। कन्यामण्डल प्रभारी अरुणा कोठारी ने धन्यवाद दिया।



# विजयनगर स्थानक भवन में चातुर्मास की तैयारियां शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थानक भवन में इस वर्ष होने वाले साध्वीश्री सुधाकंवरजी, विजयप्रभाजी, साधनाजी, रत्नज्योतिजी, सुयशाश्रीजी के चातुर्मास के संबंध में चर्चा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद कुमार नाहर ने सभी का स्वागत किया। मंत्री कन्हैयालाल सुराणा ने चातुर्मास की गतिविधियों की विस्तार से रूपरेखा रखी, जिस हेतु सभी युवा साथियों ने इस चातुर्मास को अविस्मरणीय आध्यात्मिक चातुर्मास बनाने हेतु संकल्प लिया।

तैयारी मे जुट जाने हेतु विभिन्न प्रकार का कार्य विभाजन कर अलग अलग आठ समितियों का गठन किया जिसके तीन तीन प्रमुख हेड बनाए गए। सहमंत्री रवीन्द्र जैन ने युवाओं में जोश हेतु खुशी जाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। पारसमल मेहता व शंकरलाल दक ने उत्कृष्ट चातुर्मास की मंगलकामनाए की।





# ज्ञान, दर्शन, चरित्र की साधना के संगम थे उपाध्याय पुष्करमुनि : साध्वी दर्शनप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वी डॉ दर्शनप्रभाजी के सान्निध्य में उपाध्यायश्री पुष्करमुनिजी की 100वीं दीक्षा जयंती व श्रमण संघीय उपप्रवर्तकश्री नरेशमुनिजी का 43वां दीक्षा दिवस सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम महिला मंडल की किरण संचेती के मंगलाचरण से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में साध्वीश्री डॉ दर्शनप्रभाजी ने उपाध्यायश्री पुष्करमुनिजी के गुणानुवाद करते हुए कहा कि गुरुदेव पुष्करमुनिजी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत प्रभावशाली था। गुरुदेव ज्ञान, दर्शन, चारित्र की साधना के पावन संगम थे।

श्रमण संघ के उपाध्याय गुरु अनुशासन प्रतिपालक थे, जिन्होंने अपनी प्रखर साधना के बल पर प्रभु महावीर के जिनशासन, श्रमण संघ की, धर्म की महती प्रभावना की और जन जन की आस्था के केन्द्र बनकर जगत में विश्व संत के रूप में पहचाने गए। साध्वीश्री ने सभा में गुरुदेव के संयमी जीवन के अनेक प्रेरक संस्मरण सुनाए्। साध्वीश्री नरेशमुनिजी के बहुआयामी संयमी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपप्रवर्तकश्री के 43वें दीक्षा दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित दी। साध्वीश्री ने इस अवसर पर हनुमंतनगर संघ की सेवा, समर्पण भावना की सराहना की।

पूर्व में साध्वी डॉ समृद्धिजी ने सभी महान संयमी आत्माओं के गुणगान करते हुए उनके प्रेरक संयमी जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

हनुमंतनगर संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सबका स्वागत किया। संचालन करते हुए मंत्री सुरेश धोका ने संघ की ओर से तीनों महापुरुषों का गुण स्मरण करते हुए उनके संयम जीवन की मंगल अनुमोदना की।

इस अवसर पर महावीर मेहता, मीठालाल भंसाली सहित अनेक सभा संस्थाओं के पदाधिकारियों अपने विचार व्यक्त किए। हनुमंतनगर युवक मंडल की अध्यक्ष शीतल रांका, मंत्री किशोर बाफना ने गुरुकुल की रिपोर्ट पेश की । महिला मंडल ने एवम युवक मण्डल के सदस्यो ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।




# विश्व साइकिल दिवसः इंदौर के 300 सवारों ने जीपीएस ड्राइंग से उकेरी साइकिल की आकृति

इंदौर/भाषा। मध्यप्रदेश के इंदौर में 300 साइकिल सवारों ने रविवार को अनूठे कारनामे को अंजाम दिया और जीपीएस ड्राइंग के जरिये शहर के जीपीएस नक्शे पर साइकिल की आकृति उकेरी।

हर साल तीन जून को मनाए जाने वाले 'विश्व साइकिल दिवस' से एक दिन पहले, इस कारनामे को स्थानीय समूह ''द पैडल एन्थुजिएस्ट्स'' ने अंजाम दिया जिसमें 45 महिला साइकिल सवार शामिल थीं। यह समूह पिछले चार महीने से इस कारनामे की तैयारी कर रहा था।

समूह के प्रमुख अमोल वाधवानी ने ''पीटीआई-भाषा'' को बताया, ''हम 300 साइकिल सवारों ने जीपीएस ड्राइंग से साइकिल की आकृति उकेरने के लिए पहले से तय रास्ते पर 25 किलोमीटर का सफर तय किया। इसके लिए हम चौड़ी सड़कों से लेकर संकरी गलियों तक से गुजरे।

वाधवानी के मुताबिक इस कारनामे का मकसद था कि विश्व साइकिल दिवस के मौके पर कोई अनूठी गतिविधि आयोजित की जाये। उन्होंने बताया कि यह गतिविधि शहर के गांधी हॉल के पास से शुरू हुई और साइकिल सवारों के 25 किलोमीटर के सफर के बाद उसी जगह खत्म हुई जहां से इसे शुरू किया गया था। इस गतिविधि में अलग-अलग उम्र के साइकिल सवार शामिल हुए।

जीपीएस ड्राइंग को जीपीएस आर्ट के रूप में भी जाना जाता है। जीपीएस ड्राइंग के लिए साइकिल सवार जीपीएस नक्शे पर कोई खास आकृति उकेरने के लिए लगातार अभ्यास के बाद सही रास्ते का चुनाव करते हैं। फिर इस रास्ते पर साइकिल चलाने की गतिविधि को 'ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) से जुड़े मोबाइल ऐप पर दर्ज किया जाता है। गतिविधि समाप्त होने पर इस ऐप की मदद से जीपीएस नक्शे पर यात्रा के मार्ग से संबंधित आकृति उभर आती है।



# तेरापंथ महिलाओं ने फैक्टरी में चलाया कैंसर जागरूकता अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान के तहत विश्व तंबाकू दिवस के उपलक्ष में मागड़ी रोड पर स्थित अरिहंत स्विचगीयर तथा पारस स्विचगीयर दोनों फैक्टरियों में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अध्यक्ष उषा चौधरी ने सभी मजदूरों को नशा मुक्ति के बारे में बताया। मंत्री लता नवलखा ने ओरल कैंसर के बारे में सभी मजदूरों को विस्तृत जानकारी दी तथा बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू के सेवन के बचाव के बारे में बताया । उपाध्यक्ष सुमन वेदमूथा एवं संयोजिका भावना पोरवाल ने भी तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। फैक्ट्री के मालिक संजय सेठिया ने महिला मंडल के अभियान की सराहना की।



# तेरापंथ सभा आरआर नगर के नए अध्यक्ष राकेश छाजेड़ व उनकी टीम ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय राजराजेश्वरीनगर तेरापंथी सभा में वर्ष 2024-26 के नवमनोनीत अध्यक्ष राकेश छाजेड़ के अपनी नवगठित कार्यसमिति सदस्यों के साथ साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में शपथग्रहण किया। महासभा के कर्नाटक प्रभारी प्रकाश लोढ़ा ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन करवाया।

निवर्तमान अध्यक्ष छतरसिंह सेठिया ने नवमनोनीत अध्यक्ष राकेश छाजेड़ को अध्यक्ष पद के दायित्व-बोध की शपथ दिलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश छाजेड़ ने अपनी टीम की घोषणा करते हुए उपाध्यक्ष के रूप में सरोज आर बैद, अनिल सुराना एवं राजेश छाजेड़, मंत्री के रूप में गुलाब बाँठिया को, कोषाध्यक्ष के रूप में देवेन्द्र नाहटा को, सहमंत्री के रूप में बुद्धमल बैंगाणी एवं राजेश भंसाली को, संगठन मंत्री के रूप में बिनोद बोथरा के नामों की घोषणा की। संरक्षक के रूप में कमलसिंह दुगड़ तथा परामर्शक के रूप में बिमल मुणोत, उम्मेदसिंह गोलेछा, धनराज टाँटिया, सुरेश दक एवं टीम के अन्य सदस्यों के नाम की घोषणा करते हुए सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

नवमनोनीत अध्यक्ष राकेश छाजेड़ ने देव-गुरु-धर्म की साक्षी तथा श्रावक समाज की उपस्थिति में अपने आपको एक संघहित में समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा पद तो मात्र एक व्यवस्था है।

महासभा से प्रकाश लोढ़ा, गांधीनगर सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पारसमल भंसाली, राजाजीनगर से सभाध्यक्ष अशोक चौधरी विजयनगर सभा के उपाध्यक्ष भंवरलाल मांडोत, सभा/ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष कमलसिंह दुगड़, ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष मनोज डागा, तेयुप के अध्यक्ष विकास छाजेड़, महिलामंडल की अध्यक्षा सुमन पटावरी ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दी। साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा कि जिन्दगी में कुछ पल ऐसे आते है जिसमें हमें कुछ विशिष्ट करने की प्रेरणा मिलती है। कार्य आप करते ही हैं लेकिन जब हम व्यवस्था अथवा दायित्व से जुड़ते हैं तब हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सफल दायित्व निर्वाह के लिए जरूरी है हमारे भीतर कुछ करने का साहस हो।

हमारी स्वतंत्रता सोच, हमारा विजन हो हमारे लिए यह भी आवश्यक है कि हम धर्मसंघ से जुड़े हुए तो हैं अब हम धर्म से भी जुड़े। आप सबने नशा मुक्ति का संकल्प किया वह हमारे सुंदर भविष्य का परिचायक है। संचालन ट्रस्ट के मंत्री विक्रम महेर ने तथा आभार ज्ञापन मंत्री गुलाब बाँठिया ने किया।

## साइकिल दिवस



विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को गुवाहाटी में रेडिसन ब्लू द्वारा आयोजित साइकिल रैली में भाग लेते प्रतिभागी।

# बांद्रा में भीड़ ने रवीना टंडन और उनके ड्राइवर के साथ मारपीट की

मुंबई/भाषा। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और उनके चालक पर मुंबई में भीड़ ने कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रवीना टंडन के चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप है।

स्थानीय लोगों के एक समूह ने एक वायरल वीडियो में रवीना और उनके चालक पर तीन महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात बांद्रा के कार्टर रोड पर हुई। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में रवीना की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है। अधिकारी के अनुसार, उनके चालक ने कथित तौर पर वाहन से तीन लोगों को टक्कर मार दी जिसके बाद वहां भीड़ नाराज हो गई और झड़प हो गई। उन्होंने बताया कि जब रवीना भीड़ से बात करने के लिए अपनी गाड़ी से उतरीं तो उनके साथ कथित तौर पर धक्का-मुक्की और मारपीट की गई।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.